मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, मंगलवार, 17 जून 2025
संवत 2082, आषाढ़ कृष्ण छेह मूल्य 2 रुपये
वर्ष–8, अंक 283 , पृष्ठ–8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ आस्था की उड़ान या जोखिम का सफर

हाउसफुल 5 पर नोटों की बारिश भारत में कमाई 150 करोड़ पार ◂◂ 6


# शादी के एक महीने बाद पत्नी ने खाने में जहर देकर पति को मार डाला

### पति के रूप में बुद्धनाथ सिंह नहीं था पसंद, खाने में मिलाया कीटनाशक



**गढ़वा :** जिले में एक महिला ने शादी के 36वें दिन पति के खाने में जहर मिलाकर उसकी जान ले ली। मृत युवक की मां के आवेदन पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए आरोपी महिला को सोमवार शाम हिरासत में ले लिया है। उसे आज न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की तैयारी चल रही है।

एफआईआर के अनुसार, गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के बाहोकुंदर गांव निवासी 22 वर्षीय बुद्धनाथ सिंह की शादी छत्तीसगढ़ के रामचंद्रपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी रघुनाथ सिंह की बेटी सुनीता से 11 मई, 2025 को हुई थी। शादी के बाद ससुराल आने के अगले ही दिन सुनीता अपने मायके लौट गई थी। उसने घरवालों को कह दिया कि उसे पति के रूप में बुद्धनाथ सिंह पसंद नहीं है और वह ससुराल नहीं जाएगी।

वहीं, दोनों परिवारों के लोग यह रिश्ता कायम रखना चाहते थे। इसे लेकर 5 जून को दोनों के परिवारों के बीच पंचायत हुई और इसके बाद सुनीता को लेकर उसका पति बुद्धनाथ अपने घर आ गया। 14 जून को बुद्धनाथ और उसकी पत्नी घूमने के लिए छत्तीसगढ़ के? रामानुजगंज बाजार गए। सुनीता ने बाजार में पति से यह कहकर कीटनाशक खरीदवाया कि फसलों में लग? रहे कीड़े को मारने के लिए इसकी जरूरत है।?

आरोप है कि 15 जून की रात सुनीता ने पति के खाने में कीटनाशक मिला दिया। अगली सुबह बुद्धनाथ देर तक सोकर नहीं उठा। घरवाले उसे जगाने पहुंचे तो वह मृत पाया गया। इसके बाद मृतक की मां राजमती देवी ने सोमवार को एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने बहू पर जहर मिला खाना देकर बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। रंका थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट सामने आने पर मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल, मृतक की मां की शिकायत पर मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पूर्वी सिंहभूम में दर्दनाक हादसा

## चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में फिसला पैर, एक व्यक्ति की मौत

**पूर्वी सिंहभूमः** जिले के पोटका में आज मंगलवार अहले सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। दरअसल यहां चलती ट्रेन पर चढ़ते वक्त पैर फिसलने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य शख्स घायल हो गया।



मिली जानकारी के अनुसार, घटना आज सुबह करीब 5:30 बजे टाटानगर-बदामपहाड़ रेल रूट की है। मृतक शख्स की पहचान 52 वर्षीय बसंत विश्वकर्मा के रूप में हुई है, जो कि एक बाइक मैकेनिक था। जबकि इस हादसे में संजय शर्मा घायल हो गया। बताया जा रहा है कि विश्वकर्मा अपने एक दोस्त संजय शर्मा के साथ गुरूमहिषानी स्टेशन से टाटा-बदामपहाड़ मेमू ट्रेन (68129) पकड़ने पहुंचे थे, लेकिन ट्रेन स्टेशन से रवाना हो चुकी थी। फिर दोनों ने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया, इसी क्रम में पैर फिसलने से विश्वकर्मा रेलगाड़ी के नीचे आ गए और उनकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं सजय शर्मा घायल हो गए जिनका अस्पताल में इलाज जारी है।

इधर घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं अहले सुबह हुई इस घटना ने मौके पर तनाव का माहौल कायम कर दिया। बता दें कि रेलवे प्रशासन सभी यात्रियों से बार -बार अपील करता रहता है कि वे चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने से बचें। प्रशासन का कहना है कि यह बहुत खतरनाक हो सकता है और यात्रियों को हमेशा अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। यह घटना एक बार फिर यह संदेश देती है कि रेलवे प्लेटफॉर्म और ट्रेनों पर जल्दबाजी और लापरवाही से जानलेवा हादसे हो सकते हैं। यात्रियों को रेलवे नियमों का पालन करके ही यात्रा करनी चाहिए।

### अंबेडकर विवाद के बीच पटना में पोस्टर वार

## सात दिन होने को है, कब माफी मांगोगे लालू और तेजस्वी यादव




**पटनाः** भाजपा राजद सुप्रीमो द्वारा डॉ. बीआर अंबेडकर के कथित अपमान को लेकर राजद नेता लालू प्रसाद और पार्टी के सामाजिक न्याय के मुद्दे के खिलाफ अपना अभियान तेज करने की योजना बना रही है। 11 जून को लालू प्रसाद के जन्मदिन पर एक कथित वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उनके पैरों के पास डॉ. बीआर अंबेडकर का पोस्टर रखा हुआ दिखाया गया। पिछले कुछ दिनों से राज्य भाजपा इस मुद्दे को उठा रही है, जिसमें बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। वहीं, लालू यादव और बीआर अंबेडकर फोटो विवाद के बीच पटना में लगाए गए पोस्टरों में लिखा है, 'सात दिन होने को है, कब माफी मांगोगे लालू यादव और तेजस्वी यादव'। रविवार को बिहार राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने लालू को नोटिस जारी कर उनसे इस मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस मुद्दे पर पूरी तरह से चुप्पी साधने के लिए लालू प्रसाद की आलोचना की। यादव ने दिल्ली में मीडियाकर्मियों से कहा, बिहार के लोग लालूजी के शासन को नहीं भूले हैं। उनके शासन में दलितों और पिछड़े समुदायों पर अत्याचार चरम पर थे। वीडियो में दिख रहे दृश्य उनके अहंकार को साफ तौर पर दशार्ते हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। भाजपा के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ राजद नेता मनोज झा ने इसे भाजपा का निरर्थक दिखावा बताया। झा ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति उनकी (भाजपा की) निरर्थक हरकतें वास्तव में उनकी खोखली राजनीति को उजागर करती हैं, जो प्रतीकात्मक श्रद्धा बनाम वास्तविक प्रतिबद्धता के बारे में अक्सर दिखने वाले तनाव के अलावा और कुछ नहीं है।

### हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में बड़ा सड़क हादसा

## 24 लोगों से भरी टेम्पो ट्रैवलर खाई में गिरी, दो की मौत



**नई दिल्लीः** पुलिस ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना कोकसर-रोहतांग मार्ग पर ग्राम्फू के निकट घटी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय वाहन में कुल 24 लोग सवार थे।

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले में घूमने आये दो लोगों की तब मौत हो गयी, जब वह टेम्पो ट्रैवलर में सफर कर रहे थे। टेम्पो ट्रैवलर का अचानक से बेलेंस बिगड़ गया और वह खाई में जा गिरी। इस टेम्पो ट्रैवलर में 24 लोग सवार थे लेकिन और सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। कुछ घायल है लेकिन दो लोगों की जान चली गयी है। हिमाचल प्रदेश में काफी समय से बारिश हो रही है और रोड भी फिसलनदार हो रखी हैं।

पुलिस ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना कोकसर-रोहतांग मार्ग पर ग्राम्फू के निकट घटी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय वाहन में कुल 24 लोग सवार थे। दुर्घटना में अब तक एक महिला समेत दो लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मनाली के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

### एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे छात्र चिंतित

## फौरन छोड़ें तेहरान, इजरायल- ईरान में बढ़ते तनाव के बीच भारतीय दूतावास की एडवाइजरी

**एजेंसी/तेहरान :** पश्चिम एशिया में इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक चिंता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी करते हुए भारतीय नागरिकों को तत्काल तेहरान छोड़ने की सलाह दी है।

एडवाइजरी के बाद तेहरान में रह रहे करीब 140 भारतीय छात्र भी चिंता में हैं। ये छात्र तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज और इस्लामिक आजाद यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रों ने बताया कि हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं और उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता है।

रात के धमाके और डर का माहौलः एक छात्र ने बताया, शुक्रवार की सुबह करीब 3:20 बजे एक जबरदस्त धमाका हुआ। खिड़की से बाहर देखा तो काला धुआं उठता नजर आया। जब



**एडवाइजरी के बाद तेहरान में रह रहे करीब 140 भारतीय छात्र भी चिंता में हैं। ये छात्र तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज और इस्लामिक आजाद यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रों ने बताया कि हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं और उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता है।**

नीचे गए तो और भी धमाकों की आवाजें सुनाई दीं। उसके कुछ देर बाद आसमान में फाइटर जेट्स की आवाजें गूंजने लगीं और ड्रोन नजर आने लगे। छात्रों ने बताया कि शुक्रवार शाम से अगली सुबह तक डरावना माहौल बना रहा। हॉस्टल में ब्लैकआउट कर दिया गया था। हम डर के मारे नीचे एक जगह बैठकर रात गुजारने पर मजबूर हो गए, एक छात्र ने कहा।

यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बढ़ाया हौसलाः छात्रों के अनुसार, यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उनका मनोबल बढ़ाने की कोशिश की। धमाकों के तुरंत बाद वाइस-डीन हमसे मिलने आए और हमें ढांढस बंधाया। शाम तक डीन भी आए और भरोसा दिलाया कि सब ठीक होगा। मगर वो रात बहुत ही भयावह थी। अब और यहां रुकने की हिम्मत नहीं बची,ह्व छात्र ने बताया। छात्रों ने भारत सरकार से जल्द निकासी की अपील की है। एक छात्र ने कहा, हमें भारत की ताकत पर पूरा भरोसा है। हम चाहते हैं कि सरकार जल्द से जल्द हमारी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करे।

# दिल्ली जा रहे इंडिगो विमान में बम की धमकी से हड़कंप, नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग

### पांच दिन के भीतर दूसरा मामला




**नई दिल्ली :** एक और विमान में बम की धमकी का मामला सामने आया है। यह विमान कोच्चि से दिल्ली जा रहा था। बम की धमकी मिलने के बाद इस विमान को नागपुर में उतार लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, यह विमान इंडिगो एयरलाइंस का था। पिछले पांच दिनों में विमान को बम की धमकी का यह तीसरा मामला है। इससे पहले सोमवार को लुफ्तांसा एयरलाइंस के विमान को भी बम की धमकी मिली थी। यह विमान जर्मनी से हैदराबाद आ रहा था। वहीं, शुक्रवार को फुकेत से उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के विमान को भी बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद विमान वापस फुकेत एयरपोर्ट पर उतर गया था।

इंडिगो एयरलाइंस के इस विमान को नागपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षित ढंग से उतारा गया। यहां सुरक्षा एजेंसियों ने पूरी सतर्कता के साथ सभी यात्रियों को विमान से बाहर निकाला। इसके बाद सभी सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए विमान की पूरी तरह से जांच की गई। यह मामला इसलिए भी गंभीर था क्योंकि धमकी देने वाले ने फ्लाइट का नंबर तक बताया था। जिस वक्त यह धमकी मिली, यह विमान कोच्चि से उड़ान भर चुका था। धमकी की गंभीरता को देखते हुए इसे नागपुर की तरफ मोड़ दिया गया। फिलहाल यह विमान वहीं पर खड़ा है। गौरतलब है कि आज ही एयर इंडिया ने अपनी सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण इसे कोलकाता में निर्धारित ठहराव पर ही समाप्त कर दिया। उड़ान को समाप्त किए जाने के कारण नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया और बोइंग777-200 एलआर के 211 यात्री, अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने में लग गए कि उन्हें जल्द से जल्द उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाए। बता दें कि 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान हादसे के बाद फ्लाइट्स की इमरजेंसी लैंडिंग की घटनाओं में काफी ज्यादा इजाफा हुआ है।

## एयर इंडिया की लंदन फ्लाइट खराबी के कारण रद्द, इसी रुट पर एआई 171 हुई थी दुर्घटनाग्रस्त

**नई दिल्लीः** पिछले हफ़्ते हुए हादसे के बाद अहमदाबाद से लंदन जाने वाली पहली उड़ान भरने वाला एयर इंडिया का विमान (एआई-159) मंगलवार को तकनीकी खराबी के कारण उड़ान नहीं भर सका। पिछले 24 घंटों में एयर इंडिया के विमान से जुड़ी यह तीसरी ऐसी घटना है। लंदन जाने वाली यह उड़ान आज दोपहर 1.10 बजे उड़ान भरने वाली थी। एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को रिफंड जारी किया जाएगा। पिछले सप्ताह अहमदाबाद के एक रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुए दुर्भाग्यपूर्ण विमान अक-171 में 274 लोगों की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना के बाद इसे हटा दिया गया और इसकी जगह अक-159 को लाया गया।

फ्लाइटराडार24 के डेटा से पता चला कि इस मार्ग पर उड़ान भरने वाला विमान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर था - वही मॉडल जो हाल ही में एयर इंडिया दुर्घटना में शामिल था। एयर इंडिया के विमान की बृहस्पतिवार को घातक दुर्घटना के बाद एयर इंडिया और एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस उड़ान संख्या 171 का इस्तेमाल नहीं करेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोग मारे गए थे। उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान संख्या एआई 171 का संचालन कर रहा था।

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यह एक आम चलन है कि घातक उड़ान दुर्घटनाओं के बाद एयरलाइंस विशेष उड़ान संख्या का उपयोग करना बंद कर देती हैं। एक सूत्र ने बताया कि अब 17 जून से अहमदाबाद-लंदन गैटविक की उड़ान संख्या एआई 171 के बजाय एआई 159 होगी। बुकिंग प्रणाली में आवश्यक बदलाव शुक्रवार को कर दिए गए। एक अन्य सूत्र ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी अपनी उड़ान संख्या आईएक्स 171 को बंद करने का फैसला किया है।

न्यूज ब्रीफ

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से आंगनबाड़ी रसोईया गंभीर



**सिल्ली :** सिल्ली पिस्का भाया लोवादाग सड़क पर खापचाबेड़ा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से प्रखंड के धोवाटीकरा निवासी गुरुवा महतो की पत्नी खापचाबेड़ा आंगनवाड़ी की रसोईया गंभीर रूप से घायल हुई है. बताया जाता है की घायल महिला को ऑटो चालक खेरडीह निवासी संजय महतो ने उठा कर सामुदायिक अस्पताल सिल्ली पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चिकित्सक ने रिम्स रांची रेफर किया. परिजनों ने रिम्स न ले जाकर सिंगपुर नर्सिंग होम मुरी ले गये। जहां इलाच चल रहा है। बताया जाता है कि घायल महिला साइकिल से आँगनबाड़ी केंद्र आ रही थी। इसी क्रम में यह घटना घटी है।

## जारी केंद्रा में मन्नत मांगने का धार्मिक महत्व



**मुरी :** सीमावर्ती बंगाल के पुरूलिया जिला के अड़सा थाना अन्तर्गत केन्दुआ डीह जारी केंद्रा में बलि के माध्यम से मन्नत पूरी होने का धार्मिक महत्व है जहां बोकारो,बुण्डु एवं पुरुलिया जिला के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से लोग भेड़ और मुर्गा की बलि देते हैं।गत सोमवार को पाहन मनोहर लाया ने तेतर गाछ के नीचे पारम्परिक तरीके से ईष्ट देवता को याद करते हुए दर्जनों भेड़ एवं मुर्गा का बलि चढाया गया जिसे वहीं पका कर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। नियम है कि प्रसाद वहीं ग्रहण कर घर नहीं ले जाना है। यह झालदा शहर से 15 से 20 किमी है।

## राजास्वला पर्व पर की गई ग्रामदेवता की पूजा



मुरीः सिल्ली,सोनाहातु राहे प्रखंड क्षेत्र में हर्षोउल्लास के साथ राजास्वला पर्व मनाया गया। सुबह महिलाएं अपने घर को चारों तरफ से गोबर की बेड़ी लगाकर बांध दिया। मान्यता है कि घर में गोबर की बेड़ी लगाने से नकारात्मक ऊर्जा और विषैले जंतुओं का प्रवेश घर में नहीं होता है। इसके बाद घर की गंदगी और नकारात्मक चीजों को मिट्टी के घड़ा में रखकर गांव के बाहर फेंक आयी। इस रिवाज को महिलाओं ने समूह में किया फिर पुरुषों ने गांव के पूजा स्थल पर ग्रामदेवता की पूजा की तथा भेड़ और बकरे की बलि दी गई। राहे-गोमदा, दुलमी, कटियाडीह, सोनाहातू, सालबंदा और सेरेंगहातू, जिन्तुडीह,पांडुडीह, मारांगकिरी, चरकुडीह आदि गांव में धूमधाम से यह पर्व मनाया गया।

## गोला रोड मे जल जमाव से परेशानी



**मुरी :** बारिश के पानी से गड्ढे में पानी के जमाव से वाहनों एवं जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसा गोला रोड पर कई स्थानों पर देखने को मिलता है। उरंगढा पुल पर के पास के गड्ढे खतरनाक स्थिति में है। रांची जिला के सिल्ली विधानसभा की बात है। विधायक जेएमएम के अमित महतो है। सांसद सह राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ है। संजय सेठ हाल ही में इसी रास्ते से डीएवी स्कूल में आए थे। हमारे विधायक या सांसद जनता से जुडी बुनियादी समस्याओं पर तुरंत समाधान करने की क्षमता नहीं रखते है। इसलिए समस्या सालों साल बना रहता है। सिल्ली के स्थानीय नेता भी बड़े नेता के पद चिन्हों पर चलते हैं।

## रेफरल अस्पताल सिमरिया में डायलिसिस सेवाएं जल्द होगी शुरू



**चतराः** समाहरणालय उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त कीर्तिश्री एवं सिविल सर्जन दिनेश कुमार एवं द हंस फाउंडेशन क्षेत्रीय कार्यालय अशोक नगर रांची के बीच डायलिसिस सेवा को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।यह सेवा द हंस फाउंडेशन के द्वारा जिले के सिमरिया प्रखंड के रेफरल अस्पताल में शुरू की जाएगी। जिससे कि डायलिसिस के मरीज मुफ्त सेवा का लाभ उठा पाएंगे।उपायुक्त द्वारा सिविल सर्जन एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल चतरा को निर्देशित किया गया कि रेफरल अस्पताल में बिना किसी अवरोध के जल्द से जल्द विद्युत एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिससे द हंस फाउंडेशन द्वारा सेवाएं शुरू की जा सके।

# जेएससीसी: 1375 माध्यमिक शिक्षकों की होगी बहाली, वेतन 1,12,400 तक, पंजीकरण कल से

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 1373 सेकेंडरी टीचर पदों पर भर्ती अधिसूचित की है। आयोग ने इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारों से इन पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 18 जून 2025 से शुरू होने वाली है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 जुलाई 2025 तय की गई है। परीक्षा शुल्क का भुगतान 19 जुलाई 2025 की मध्य रात्रि तक किया जा सकेगा। फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेने के लिए 21 जुलाई 2025 की मध्य रात्रि तक लिंक उपलब्ध रहेगा। उम्मीदवारों के लिए 23 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 के मध्य रात्रि तक ऑनलाईन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, ई-मेल आईडी एवं मोबाईल नंबर को छोड़कर किसी भी गलत जानकारी को संशोधित करने के लिए करेक्शन विंडो लिंक उपलब्ध कराया जाएगा।

सैलरी

उम्मीदवारों को हर महीने पे मैट्रिक्स लेवल-6 के अनुसार 35,400 रुपये से लेकर 1,12,400 रुपये वेतन दिया जाएगा।

आयुसीमा एवं शैक्षणिक योग्यताः



आवेदकों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से राज्य के सरकारी विद्यालयों में माध्यमिक स्तर पर पढ़ाये जाने वाले विषयों में से संबंधित विषय में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों सहित पोस्ट ग्रेजुएट तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् से मान्यता प्राप्त संस्थान से बीएड/बी.ए.एड./बी.एससी.एड. डिग्री होनी चाहिए।

अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से राज्य के सरकारी विद्यालयों में माध्यमिक स्तर पर पढ़ाये जाने वाले विषयों में से संबंधित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों अथवा उसके समकक्ष ग्रेड के साथ पोस्ट ग्रेजुएट तथा तीन वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड-एमएड डिग्री होनी चाहिए।

पदों के अनुसार शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक नोटिफिकेशन में जरूर चेक करें।

आवेदन करने के लिए न्यूनतम आयुसीमा 21 वर्ष निर्धारित की गई है। अधिकतम आयुसीमा श्रेणीवार निम्न प्रकार हैः

अनारक्षित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग - 40 वर्ष

अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-1) एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची-2 (पुरूष) - 42 वर्ष

महिला (जनरल, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, बीसी)- 43 वर्ष

अनुसूचित जाति (पुरूष एवं महिला)- 45 वर्ष

अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)- 45 वर्ष

आयुसीमा की गणना 01 अगस्त 2025 के हिसाब से की जाएगी।

### जिला समाज कल्याण विभाग के योजनाओं की हुई समीक्षा

## पोषण ट्रैकर के सारे इंडिकेटर्स में सुधार के निर्देश



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। विस्तृत समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप से शत प्रतिशत लाभुकों का फेशियल रिकॉग्निशन, ई केवाईसी,पोषण ट्रैकर ऐप के अनुसार उपस्थित बच्चों का पूरक पोषाहार वितरण,बच्चों के बीच एचसीएम और स्नैक्स खाते हुए जिओ टैग फोटो,ग्रोथ मॉनिटरिंग को शत प्रतिशत अगले माह से पूरा करना, गृह भ्रमण, एमटीसी ऑक्युपेंसी, 18-19 वर्ष की सावित्री बाई फुले का आवेदन, प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना का लक्ष्य, शत प्रतिशत सेविका सहायिका एवं पोषण सखी का आयुष्मान कार्ड बनाना, प्रत्येक माह सीडीपीओ के द्वारा 5 तथा महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा 15 आंगनबाड़ी के साथ 10 (भीएचएसएनडी) ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस विभिन्न पंचायत में भ्रमण करते हुए जिओ टैग फोटोग्राप्स के साथ शेयर करना , नेटवर्क विहीन वाले क्षेत्र में अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का चिन्हीतीकरण कर प्रतिवेदन देना, आंगनबाड़ी केंद्रों के संपूर्ण मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली,पेयजल , शौचालय, भवनएवं किचन का सुदृढ़ीकरण का प्रतिवेदन के साथ संबंधित विभाग को कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों से पूरक पोषाहार का अभिश्रव एवं सेविका, सहायिका एवं पोषण सखी का अनुपस्थिति विवरणी जिला कार्यालय में उपलब्ध कराना इन सारे विषयों पर समीक्षा की गई। पोषण ट्रैकर के सारे इंडिकेटर्स में प्रत्येक माह चतरा जिला का रैंकिंग राज्य में एक से पांचवे स्थान पर प्रदर्शन हेतु निर्देशित किया गया।कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू, शंभू बड़ाईक,जिला क्षेत्रीय प्रबंधक, समर अभियान चतरा सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चतरा,एवं जिला के सभी महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित हुए।

## भवन निर्माण सचिव ने नई दिल्ली स्थित नवनिर्मित झारखंड भवन का किया निरीक्षण



**बिनय मिश्रा**

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2008 बैच के आईएएस अधिकारी एंव झारखंड के भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल ने दिल्ली स्थित नये झारखंड भवन का अवलोकन किया । इस निरीक्षण कार्यक्रम में भवन निर्माण सचिव इस भवन के सभी बातों को सूक्ष्म रूप से देखा और जानकारी भी प्राप्त की। विदित हो कि भवन निर्माण सचिव दिल्ली में नवनिर्मित झारखंड भवन का निरीक्षण करने के साथ साथ इस भवन में उपलब्ध सुविधाओं को भी पूर्ण रुपेण से देखा और जाना। विदित हो कि दिल्ली में इस नये झारखंड भवन के निर्माण राज्य और विभाग दोनों के लिए गौरव की बात है।

### 21वें जूनियर स्टेट वुशु चैम्पियनशिप

## कोयलांचल के बच्चों ने आठ स्वर्ण एक रजत और दो कांस्य पदक जीते



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतराः** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के वुशु खिलाड़ियो ने 21वें जूनियर स्टेट चैम्पियनशिप वुशु प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन कर पिपरवार कोयलांचल सहित चतरा जिला का नाम रौशन किया है। जानकारी के अनुसार रांची के द विलेज रिजोर्ट सिल्ली के सभागार मे संपन्न हुए 21 वीं जुनियर स्टेट चैम्पियनशिप वुशु प्रतियोगिता मे पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के 16 वुशु खिलाड़ी चतरा जिला वुशू संघ की ओर से शामिल हुए। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ स्वर्ण पदक,एक रजत पदक और दो कास्य पदक प्राप्त कर पिपरवार कोयलांचल सहित चतरा जिला का नाम पूरा झारखंड में रोशन करते हुए चतरा जिला को दूसरा स्थान दिलाया है। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियो मे सुमो कुमारी,नैयर शान अहमद,अनिशा कुमारी, विकाश महतो,राजकुमार, अमन अंसारी,कशिश राज का नाम शामिल है। वही राज कौशिक रजत पदक और पवन मुण्डा,राज कुमार सिंह ने कास्य पदक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि रातु प्रखण्ड के राजस्व पदाधिकारी रवि कुमार और जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना कुमारी ने चतरा जिला वुशू संघ के सचिव रजी अहमद को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और बधाई दी। समापन समारोह मे उदय साहु,सुनील सिंह,शिशिर महतो,रौशन रजक,जैठू गंझु सहित कई लोग उपस्थित थे। इधर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के वुशु खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर कई लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## हजारीबाग विभाग के विभाग सह संयोजक बने उज्ज्वल साहू

### चतरा जिला के जिला संयोजक बने रौनक सिंह





**चतरा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रांत का प्रदेश अभ्यास वर्ग सफलतापूर्वक इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर चतरा में संपन्न हुआ। इस आयोजन के दौरान चतरा नगर इकाई के पूर्व में नगर मंत्री रहे उज्ज्वल साहू को हजारीबाग विभाग के विभाग सह संयोजक बनाया गया। वहीं रौनक सिंह को चतरा जिला का नया जिला संयोजक बनाया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार झारखंड क्षेत्र के संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल,अखिल भारतीय जनजातीय कार्य प्रमुख प्रमोद राउत सहित,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन मंत्री निलेश कटारे का मार्गदर्शन भी कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। अभ्यास वर्ग का मुख्य उद्देश्य नए और पुराने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देना था, जिसमें छात्रों को कॉलेज कैंपस में समस्याओं का समाधान करने और सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने की विधि सिखाई गई। नियुक्त हुए कार्यकताओं की सराहना करते हुए पूर्व प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शुभम कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में विद्यार्थी परिषद नई ऊँचाइयों को छूएगी और छात्र हित में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन कार्यकताओं की संगठनात्मक क्षमताएँ और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण परिषद के लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शुभम कुमार ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।बधाई देने वालों में में पूर्व प्रदेश मंत्री राजेश कुमार शाह, प्रदेश सह मंत्री रोहित पांडे, पूर्व कार्यकता राजेश पासवान,अमन यादव,रितेश राणा,सुजीत कुमार सिंह, खेलो भारत के प्रमुख मुन्ना यदुवंशी, नगर मंत्री विशाल प्रजापति, अर्णव श्रीवास्तव, बलभद्र कुमार, सन्नी कुमार, मयंक सिंह, आनंद सिंह, अभिषेक कुमार, सिकंदर भोक्ता, आशुतोष झा, अनिमेष पांडे, अनुराग आर्य, सोनू कुमार, लोकेश कुमार, सत्यम साहू, सुंदर कुमार,आदर्श कुमार, सूरज सिंह, सम्राट यादव, सक्षम यादव, पीयूष राज, ध्रुव केशरी, राजीव कुमार, अमित कुमार, प्रगति कुमारी, खुशी कुमारी, नेहा कुमारी, निशु कुमारी, कुमकुम कुमारी, सुमित्रा पांडे, खुशबू कुमारी, आशीष कुमार समेत कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

## नशा मुक्ति अभियान को लेकर छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

**कोलेबिरा :** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित संत दोमनिक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सोमवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य फादर क्लेमेंट लकड़ा द्वारा की गई।यह रैली कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर करंजटोली बस्ती, नवा टोली मुख्य चौक, मिशन रोड होते हुए पुनः कॉलेज परिसर में समाप्त हुई। *कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा सन्देशः देशी शराब बनाना या सेवन करना हानिकारक है इससे समाज, परिवार नई पीढ़ी बर्बाद होती है कृपया इसे त्याग दें*

रैली में छात्र-छात्राओं ने हाथों में नशा छोड़ो जीवन जोड़ो नशा का नाश होगा देश का विकास होगा₹ जैसे नारों से युक्त तख्तियां एवं बैनर लेकर जनजागरूकता फैलाई।कार्यक्रम के दौरान फादर क्लेमेंट लकड़ा ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया और नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई।इस अवसर पर फादर अल्बिनुस केरकेट्टा, शांति केर-केट्टा, मनोरमा सोरेंग, सुबोध सहित अन्य मौजूद रहे।

# 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतराः** गिद्धौर पुलिस ने छापामारी अभियान चला कर 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवको को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में गिद्धौर निवासी कुंदन कुमार (पिता सुरेश दांगी) व इरफान अंसारी (पिता कलीम अंसारी) का नाम शामिल है। दोनो के पास से ब्राउन शुगर के अलावा एक बाईक व दो मोबाईल जब्त किया गया है।यह जानकारी थाना प्रभारी कुमार गौतम ने दी।उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि गिद्धौर के पास कुछ लोग ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे है। सूचना के आलोक में छापामारी अभियान





चलाई गई। इस दौरान ब्राउन शुगर के साथ दोनो को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया है। छापामारी टीम में थाना प्रभारी कुमार गौतम के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक सुनील सिंह, एएसआई रंजय सिंह व थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।1.9 किलोग्राम अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

बरामद अफीम की अनुमानित मूल्य 5 लाख : वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सोमवार को पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र में एक युवक को लगभग 2 किलोग्राम अवैध अफीम की खेप के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि अफीम की खरीद-बिक्री की गुप्त सूचना के आधार पर पत्थलगडा-गिद्धौर मार्ग में बंदरचुंआ संतोषी मंदिर के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया था। इसी क्रम में एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जिससे दौड़कर पकड़ा गया। उसकी तलाशी ली गई तो उसके बाइक की डिक्की से 1.9 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद किया गया। युवक की पहचान कुब्बा निवासी प्रदीप यादव पिता लालदेव यादव के रूप में की गई है। पुलिस ने उसके पास से अफीम के अलावे एक स्पलेंडर मोटरसाइकिल और एक कीपैड मोबाइल भी जब्त किया है। थाना कांड संख्या 26/25 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। अफीम के अनुमानित कीमत 5 लाख बताई जा रही है।

## रांची को ट्रैफिक जाम से मिलेगी निजात

# तीन जुलाई को रातू रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर का उद्घाटन करेंगे नितिन गडकरी

संवाददाता

**रांचीः** राजधानी रांची के बहुप्रतीक्षित रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण अब 19 जून को नहीं बल्कि 3 जुलाई को होगा। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी फ्लाईओवर का उद्घाटन करेंगे।

**झारखंड का पहला एलिवेटेड कॉरिडोरः** बता दें कि यह झारखंड का पहला एलिवेटेड कॉरिडोर है, जो राजधानी रांची में बनने जा रहा है। इससे लोगों को जाम से निजात मिलेगी। रातू रोड से कचहरी और अन्य जगहों पर जाने वाले लोगों को अब खराब रास्ते और जाम से नहीं जूझना



पड़ेगा। पहले जहां 30 मिनट या उससे ज्यादा समय लगता था, अब वही रास्ता 7 मिनट में तय किया जा सकेगा।

**जाम और दुर्घटनाओं की समस्या से मिलेगी निजातः** पंडरा से रातू रोड आने वाले लोग भी बिना जाम के 10-15 मिनट में अपनी मंजिल तक पहुंच पाएंगे। स्कूल बसों को भी अब जाम में फंसने की समस्या से निजात मिलेगी। इस रूट पर कई महत्वपूर्ण और बड़े स्कूल हैं, जिनकी बसें अक्सर जाम में फंस जाती थीं। अब बच्चों को समय पर घर पहुंचने में आसानी होगी। खराब सड़क और जाम के कारण यहां पर एक्सीडेंट भी काफी होते थे। अब नीचे चकाचक सड़क और ऊपर फ्लाईओवर से जाम और एक्सीडेंट दोनों से राहत मिलेगी। फ्लाईओवर में कई जगह रैंप बनाए गए हैं, जिससे रातू रोड, राजभवन, इटकी रोड और आकाशवाणी केंद्र पर आसानी से उतरा जा सकेगा।

**291 करोड़ रुपये की लागत से बना 4 किमी लंबा यह फ्लाईओवरः** कचहरी जाना भी अब आसान हो गया है। राजभवन के थोड़ा आगे एक और रैंप है, जिससे आप पैदल भी 5 मिनट में कचहरी पहुंच सकते हैं। फ्लाईओवर बनने से न सिर्फ सहूलियत होगी, बल्कि शहर की खूबसूरती में भी इजाफा होगा। फ्लाईओवर के पिलर पर खूबसूरत सोहराई पेंटिंग बनाई गई है, जो देखने में आकर्षक है और शहर की संस्कृति को भी बढ़ावा देती है। 4 किलोमीटर लंबा यह फ्लाईओवर लगभग 291 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार है। रांची वासियों को इसके शुरू होने का बेसब्री से इंतजार है। रात में जगमगाती फ्लाईओवर की लाइटें रात की खूबसूरती को और बढ़ा रही हैं।

## दपू रेलवे के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक बने विनोद कुमार, बधाई



मेट्रो रेज

**रांचीः** दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस,रांची मण्डल के मंडल समन्वय नित्यलाल कुमार के नेतृत्व में दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने ,वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक/रांची (इंडियन रेलवे ट्रॉफिक सर्विस) बिनोद कुमार से मुलाकात की।

साथ ही उन्हें भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती रांची में कार्यभार संभालने के लिए बधाई दी । साथ ही पुष्पगुच्छ एवं शॉल देकर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत और अभिवादन किया गया। तत्पश्चात कर्मचारियों से जुड़े हुए विचाराधीन मुद्दे पर बात हुई और महोदय के तरफ से सकारात्मक आश्वाशन मिला ।

इस मौके पर मेंस कांग्रेस के अध्यक्ष, बारिया कच्छप,सचिव, मनोज राय , सुभाष कुमार, कल्यानंद मिश्रा, बैजनाथ मंडल ,डेलीगेट राजीव कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

# रांची में जबरन जमीन कब्जा करने मामले को लेकर राज्यपाल से मिले देवेन्द्र नाथ महतो

मेट्रो रेज

रांचीः राजधानी रांची में जबरन जमीन कब्जा का मामला तूल पकड़ते जा रहा है। रांची में तेजी से हो रही अवैध जबरन जमीन कब्जा का मामला जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो समेत नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल संतोष गंगवार तक पहुंचाया।

ूमि अधिग्रहण अधिनियम का किया जा रहा उलंघनः मौके पर देवेंद्र नाथ महतो ने बताया कि राज्यपाल को ध्यान आकृष्ट कराया गया कि रांची में पूंजीपति वर्ग द्वारा लगातार जबरन सीएनटी एक्ट जमीन, गैर मजरूआ आम खास, कृषि भूमि, वन भूमि, पहनाई, कायमि, सिकमि, बकास्त, जिरात, बकाश्त भूइहरी, हिंद केसरी, इत्यादि प्रकार के जमीन को सीएनटी एक्ट, भूमि अधिग्रहण अधिनियम का उलंघन करते हुए अवैध रूप से जबरन कब्जा किया जा रहा है।

समस्या का समाधान शीघ्र करें, नहीं तो जमीन बचाओ यात्रा निकलेगी ः साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि कांके चामा,



बुकरु, नगड़ी मौजा में 500 एकड़ से ज्यादा बखास्त, मुंडा, भुईहरि, पहनाई, डाली कतारी जमीन का नेचर को बदल कर बड़े बड़े भू माफिया जमीन को जबरन अवैध रूप से बेचा जा रहा है । मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि पूंजीपति वर्ग, भू - माफिया और सरकारी अधिकारीयों के मिलीभगत द्वारा साजिश के तहत राजधानी रांची आस पास के किसानों को भूमिहीन बनाने का षडयंत्र रचा जा रहा है सीएनटी एक्ट की धारा 49 और भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 की धारा 101 के अनुसार अगर सरकार द्वारा जमीन किसी जमीन को अधिग्रहीत करने के पांच साल तक उक्त जमीन पर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता है तो वह जमीन रैयत को वापस करने का प्रावधान है फिर भी रैयत का जमीन को जबरन कब्जा किया जा रहा है। नियम अनुसार जमीन का समस्या का समाधान किया जाय अन्यथा राजधानी रांची चारों तरफ से जमीन बचाओ यात्रा आंदोलन किया जायेगा। राज्यपाल से मुलाकाती में देवेन्द्र नाथ महतो समेत नौ प्रतिनिधिमंडल में करमु मुंडा, नागेंद्र महतो, बाबूलाल महतो, जयंती देवी, संजय महतो, मालती देवी, चंदन महतो, धनेश्वर महतो, रजनीश कुमार महतो, शांति देवी शामिल थे ।

# टॉपर अनन्या पॉल को संस्था ने किया सम्मानित

## अनन्या पॉल को जैक बोर्ड 12वीं आट्र्स की परीक्षा में 92.6% अंक प्राप्त हुए हैं



संवाददाता

**रांचीः** उसुर्लाइन इंटर कॉलेज की छात्रा लेक रोड निवासी नवीन पॉल की होनहार पुत्री अनन्या पॉल झारखंड बोर्ड 12 वीं आट्र्स की परीक्षा में 92.6% अंक प्राप्त कर- के जिला टॉपर एवं राज्य में 5 वीं स्थान प्राप्त कर परचम लहराई। इसकी जानकारी प्राप्त होने पर आज छात्र क्लब ग्रुप एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच की ओर से टॉपर छात्रा अनन्या पॉल एवं उनके माता पिता को अंगवस्त्र,पुष्पगुच्छ,लेखनी एवं मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए लेक रोड स्थित उनके आवास मे सम्मानित किया गया।

अपनी प्रतिक्रिया मे टॉपर छात्रा अनन्या पॉल ने बताया मै मध्यम परिवार की हूं।मेरे पापा चाय पकौड़ी बेचकर घर परिवार चला रहे है। मेरी एक ही इच्छा है मै पढ़ लिखकर ईमानदार अफसर बनूं और देश,राज्य,घर परिवार की सेवा करूं। सम्मान समारोह की अध्यक्षता क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश ने किया।इस मौके पर क्लब के संरक्षक राजेश केडिया, प्रेम शंकर मिश्रा,विजय पाठक, अमित मिश्रा,अंकित सर्राफ, दीपक कुमार साहू,पिया बर्मन, रवि मेहता,लीगल एडवाइजर अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य एवं मंच के सुरेंद्र कुमार शर्मा,जगमोहन शर्मा,सुदेश कुमार शर्मा आदि आदि मौजूद थे।



## राज्यपाल से मिले राधा कृष्ण किशोर

**रांचीः** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य के वित्त, वाणिज्य कर, योजना एवं विकास तथा संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर मंत्री ने राज्यपाल राज्यपाल को वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित मेमोरेंडम ऑफ 16टीएच फाइनेंस कमीशन की प्रति भेंट की।

## संजय सेठ ने राज्यपाल से की शिष्टाचार मुलाकात



**रांचीः** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के मध्य विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई।

## आशीष बत्रा को केंद्र में एडीजी रैंक में किया गया इंपैनल

**रांचीः** झारखण्ड कैडर के 1997 बैच के आईपीएस आशीष बत्रा को केंद्र में अपर महानिदेशक (एडीजी) रैंक में इंपैनल किया गया है। वर्तमान में वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं, यह इंपैनलमेंट कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) द्वारा देशभर के 1996 और 1997 बैच के आईपीएस अधिकारियों के लिए अऊæव समकक्ष पदों पर किए गए पैनलिंग प्रोसेस का हिस्सा है। इस प्रक्रिया के तहत देश के विभिन्न राज्यों से कुल 31 आईपीएस अधिकारी एडीजी रैंक में इंपैनल हुए हैं। झारखण्ड कैडर से केवल आशीष बत्रा को इस सूची में स्थान मिला है।




## भगवान जगन्नाथ की रथ पर चढ़ने की सभी को अनुमति न दे सरकारः विजय शंकर नायक

**रांचीः** भगवान जगन्नाथ की रथ पर चढ़ने की सभी की अनुमति न दे सरकार । उपरोक्त बातें आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कही। इस सबंध में मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन,पूलिस महानिदेशक, झारखंड, रांची उपायुक्त, एसएसपी रांची एवं जगरन्नाथ मंदिर न्यास समिति को पत्र लिखकर इस सबंध मे आगे कहा कि भगवान जगन्नाथ रथयात्रा की पवित्रता और गरिमा बनाए रखने हेतु अनुरोध किया है ।रथयात्रा में पूर्व से ही छुटभैये नेताओं और अनधिकृत व्यक्तियों का भगवान के रथ पर चढ़ने की आदत सी बन गई है।

# प्रधानमंत्री के विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित

मेट्रो रेज

**रांचीः** प्रदेश भाजपा कार्यालय रांची में सोमवार को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल के उपलक्ष्य में भाजपा की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने किया। वहीं मंच संचालन मोर्चा के महामंत्री अर्जुन सिंह व धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री अजय मुंडा द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष झारखंड बाबूलाल मरांडी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी शामिल हुए। मोर्चा के साथियों को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 11 साल में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। तथा पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया। और कहा कि झारखंड सरकार द्वारा किसानों को जो सुविधा मिलनी चाहिए वो नहीं मिल पा रहा है। अभी तक किसानों को धान का क्रय मूल्य हेमंत सोरेन सरकार द्वारा नहीं मिल



पाया है। जिससे किसान हताश व निराश हैं।

संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने मोर्चा के साथियों को संबोधित करते हुए मोदी जी के द्वारा 11 साल में किए गए कार्यों को बताते हुए मोर्चा के कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा आगामी कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए तैयारी में लग जाने की बात कही। वहीं किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार की तुलना में मोदी 11 साल में किसानों के लिए बजट में 5 गुना की बढ़ोतरी हुई है। हाल के दिनों में मोदी सरकार द्वारा किसानों के हित में खरीफ फसलों की एमएसपी टरढ में वृद्धि कर किसानों को बहुत बड़ी राहत दी है जिससे किसान काफी उत्साहित हुए हैं। मोर्चा के साथियों को पार्टी द्वारा कार्यक्रमों को सही से पूरा किया जाए इन सब बातों से संबंधित चर्चा की। वहीं झारखंड सरकार के झूठे वादे को जनता के सामने उजागर करने की बात कही। बैठक को मोर्चा के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य सह त्रिपुरा प्रभारी अशोक सिंह ने भी संबोधित करते हुए उत्साहवर्धन किया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष , विक्रांत उपाध्याय, रंजय भारती,अरविंद सिंह खुराना, राजेश कुशवाहा, रीता प्रसाद, प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, प्रभात रंजन, विनोद ठाकुर, कोषाध्यक्ष टोनी जैन, कार्यालय मंत्री अजय दुबे, सह कार्यालय मंत्री सुरेंद्र नाथ, मीडिया प्रभारी , सुनील कुमार सिंह, मोर्चा के कार्यक्रम समन्वयक प्रदेश प्रभारी अवधेश दुबे, आईटी सेल प्रभारी टिंकू महतो सहित प्रमंडलीय प्रभारी, सभी प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सहसंयोजक जिला प्रभारी तथा जिला अध्यक्ष शामिल रहे।

उक्त जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा सुनील कुमार सिंह ने दी।



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग में निबंधित सभी समुचित श्रेणी के संवेदकों को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक– 1788(अनु०) दिनांक 26.05.2025 पी०आर०संख्या– 353544 Building(25-26):D द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना निम्नवत पढ़ा जाय –

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/11/2025-26 | Construction for the Extension of (G+5) Office Building at Jharkhand Public Service Commission, Ranchi | 136800801 | Fifteen Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 23-06-2025 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 01-07-2025 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 02-07-2025 at 11.00 AM | |

एवं अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

PR 355153 Building (25-26)_D

## कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला
अनुमण्डल परिसर गुमला पिन : 835207
Email ID :- rmsagumla@gmail.com

**आम सूचना**

**गुमला जिला अंतर्गत सरकारी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक/प्रधानाध्यापक के अंतर जिला स्थानान्तरण के संबंध में :–**

सरकार के संयुक्त सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 844 दिनांक 13.06.2025 द्वारा राज्य के सरकारी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक/प्रधानाध्यापक के अंतर जिला स्थानान्तरण हेतु निम्न रूपेण तिथि विस्तारित की गयी है:–

**पूर्व में निर्धारित समय सीमा:–**

| | |
|---|---|
| शिक्षकों द्वारा ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने की तिथि | दिनांक 19.05.2025 से 14.06.2025 तक |
| जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा ऑनलाईन आवेदनों का सत्यापन | दिनांक 20.06.2025 तक |
| जिला शिक्षा स्थापना समिति का अनुमोदन एवं राज्य स्तरीय समिति के लॉगिन पर ऑनलाईन अग्रसारण | दिनांक 21.06.2025 से 05.07.2025 तक |

**संशोधित/विस्तारित समय सीमा:–**

| | |
|---|---|
| शिक्षकों द्वारा ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने की तिथि | दिनांक 19.05.2025 से 21.06.2025 तक |
| जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला षिक्षा अधीक्षक द्वारा ऑनलाईन आवेदनों का सत्यापन | दिनांक 26.06.2025 तक |
| जिला शिक्षा स्थापना समिति का अनुमोदन एवं राज्य स्तरीय समिति के लॉगिन पर ऑनलाईन अग्रसारण | दिनांक 27.06.2025 से 11.07.2025 तक |

ऑनलाईन आवेदन का लिंक https://teachertransfer.jharkhand.gov.in/ में आवेदन करने संबंधी विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक दिशा–निदेश उपलब्ध है।

अतएव उपरोक्त के आलोक में गुमला जिला अंतर्गत सरकारी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक/प्रधानाध्यापक के अंतर जिला स्थानान्तरण के लिए Teacher Transfer Portal के माध्यम से निर्धारित समय–सीमा के अंदर ऑनलाईन आवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
गुमला

PR 355117 Jharkhand Education Project Council(25-26)#D

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े: अटल बिहारी वाजपेय**

## हवाई सुरक्षा में छेद

**अभी** तो एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर विमान के क्रैश होने की त्रासदी और संताप देश को शोकाकुल किए हैं। कुछ और विमानों की आपात लैंडिंग की खबरों ने भी हमें कंपा दिया। रविवार सुबह एक और मनहूस खबर सामने आई कि उत्तराखंड में केदारनाथ के गौरीकुंड के पास एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट समेत 7 यात्रियों की मौत हो गई। उत्तराखंड में 38 दिनों में 4 हेलीकॉप्टर क्रैश हो चुके हैं, जिनमें 13 मौतें हुई हैं। यह कैसी तीर्थयात्रा है? अंततः नियति पर विश्वास करना पड़ता है, लेकिन मौजू सवाल यह है कि क्या हवाई यात्रा असुरक्षित है अथवा हेलीकॉप्टर के संचालन की प्रक्रिया ही छिद्रमय और भ्रष्ट है? बेशक मौत निश्चित है, लेकिन इस तरह इनसान को मौत के कुएं में धकेलना स्वीकार्य नहीं हो सकता। शेष नियति का विधान है, लेकिन हमारी व्यवस्था भी तो खोखली और गैर-जिम्मेदार है! एयर इंडिया विमान की त्रासद् दुर्घटना को टाटा संस और टाटा समूह के चेयरमैन एन.चंद्रशेखरन ने समूह के इतिहास का सबसे काला दिन करार दिया है। एयर इंडिया कंपनी 2022 में निजीकरण की प्रक्रिया के तहत टाटा समूह को मिली। टाटा कितना भी प्रतिष्ठित समूह हो, लेकिन एयर इंडिया उसके चेहरे पर काली लकीरें उकेरती आई है। कई शिकायतें और विसंगतियां सामने आती रही हैं। बहरहाल हमेशा की तरह, हर दुर्घटना के बाद की तरह, इस बार भी केंद्र सरकार ने एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। उसमें वरिष्ठ सचिव स्तर के अधिकारियों और विशेषज्ञों को रखा गया है। राष्ट्रीय स्तर की इस समिति ने सोमवार से अपने विमर्श की शुरूआत कर दी है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने तकनीकी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। विमान के दोनों ब्लैक बॉक्स मिल चुके हैं। हालांकि उनके जरिए विमान के भीतर की गतिविधियों और आवाजों की हकीकत तक पहुंचने में वक्त लगेगा। सरकार ने एक साल का वक्त दिया है। अब महानिदेशक, नागरिक उड्डयन (डीजीसीए) ने निर्णय किया है कि वह बोइंग के प्रत्येक विमान की अतिरिक्त जांच करेगा। उसके बाद ही विमान उड़ान भर सकेगा। त्रासद् दुर्घटना से पहले ऐसी नियमित जांच-पड़ताल क्यों नहीं की जाती रही? अब ही मानक संचालन प्रक्रिया तय करने की याद क्यों आई? कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम में बदलाव अब ही क्यों किया जा रहा है? अभी तो समितियों के निष्कर्ष सामने आएंगे, तो हवाई सुरक्षा के कई और छेद भी बेनकाब होंगे, क्या उनमें भी सुधार किया जाएगा? दरअसल हम विश्व में विमानन सुरक्षा को लेकर 48वें स्थान पर हैं। विश्व की शीर्ष 25 एयरलाइंस में एक भी भारतीय नहीं है। कम लागत वाली अपेक्षाकृत सुरक्षित एयरलाइंस में इंडिगो 19वें स्थान पर है, लेकिन यह इतनी महत्त्वपूर्ण नहीं है, क्योंकि एयर इंडिया के 198 विमान नियमित उड़ान पर रहते हैं। बोइंग 787 और 737 बीते 14 सालों से भारत की एयरलाइंस में हैं। बोइंग में कुछ छिद्र सामने आए थे, तो जापान ने ड्रीमलाइनर विमानों पर ही रोक लगा दी थी। क्या ऐसा कड़ा फैसला भारत ले सकता है? बोइंग विमान कंपनी 108 साल पुरानी है। उसके अभी तक करीब 6000 विमान क्रैश हो चुके हैं, जिनमें करीब 9000 मौतें हुई हैं। बहरहाल केदारनाथ सरीखे पहाड़ी क्षेत्र में हेलीकॉप्टर सेवा में विसंगतियां भी लगातार दुर्घटनाओं का सबब बनी हैं। दरअसल उत्तराखंड की इस हवाई सेवा में बड़ा भ्रष्टाचार और लालच लपलपाता रहा है। उनमें कई काली भेड़ें भी हैं, जो हवाई सेवा की कालाबाजारी भी करती हैं। चूंकि उसका एक हिस्सा सत्ताधीशों तक भी पहुंचता होगा, लिहाजा दुर्घटनाओं के बावजूद हेली सेवाएं जारी हैं। फिलहाल ये सेवाएं स्थगित की गई हैं। दरअसल एक घंटे में प्रति हेलीकॉप्टर 3-4 फेरे ही तय हैं। करीब 9 कंपनियां दिन भर में 142-165 फेरे कर रही थीं। आरोपित कंपनी को सुबह 6 बजे से उड़ान की अनुमति थी, लेकिन 5.30 बजे से पहले तो हेलीकॉप्टर क्रैश कर चुका था। यात्रियों की संख्या भी 3-4 होनी चाहिए, लेकिन हेलीकॉप्टर में पायलट समेत 7 सवारियां कैसे हो गईं?

## परमाणु के खिलाफ युद्ध

**इजरायल**-ईरान युद्ध की परिणति क्या होगी? क्या यह महायुद्ध या विश्व युद्ध में तबदील होगा? कौन गलत है और कौन सही है? इन सवालों के जवाब फिलहाल नहीं दिए जा सकते। इजरायल के सामने अस्तित्व का संकट है। ईरान 1950 से परमाणु कार्यक्रम में जुटा है। कभी अमरीका उसके परमाणु कार्यक्रम में शामिल था। अमरीका समेत सभी प्रमुख पश्चिमी देशों के साथ ईरान के परमाणु करार थे, लेकिन तमाम करार रद्द करने पड़े, क्योंकि ईरान चोरी-छिपे यूरेनियम से बिजली नहीं, परमाणु बम बना रहा था। यह मिथ्या आरोप नहीं है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने धमकी दी है कि ईरान अभी नहीं माना, तो आगे बुरा होगा। उसे बर्बाद कर दिया जाएगा। ईरान अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी को चेतावनी दे रहा है। बहरहाल अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की हालिया बैठक में 19 देशों ने ईरान की परमाणु नीति के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है। मई, 2025 में आईएईए की एक रपट में खुलासा किया गया है कि पांच माह में ईरान 22 परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल कर लेगा। उसने करीब 60 फीसदी यूरेनियम संवर्धन का काम कर लिया है। ईरान परमाणु कार्यक्रम संबंधी अंतरराष्ट्रीय कायदे-कानूनों का हनन कर रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू समेत कई विश्व नेताओं की जानकारी है कि ईरान 9-10 परमाणु बम बना चुका है। ईरानी बम न केवल इजरायल के लिए भयानक खतरा है, बल्कि अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी सरीखे देशों के जहाज फारस की खाड़ी और लाल सागर में नष्ट कर सकता है। ईरानी परमाणु बम बनाए जाने से मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के हालात भी अस्थिर, अशांत हो सकते हैं, लिहाजा इजरायल ने ईरान पर जो विध्वंसक हमले किए हैं, वे ईरान के परमाणु ठिकानों और कार्यक्रमों को मिट्टी बनाने के मद्देनजर किए हैं। इजरायल ने करीब 200 लड़ाकू विमानों से ईरान के विभिन्न इलाकों में हमले किए। ईरान के सेना प्रमुख, रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के चीफ समेत 20 प्रमुख सैन्य जनरलों और 9 वरिष्ठ वैज्ञानिकों को मार दिया गया। उनमें 3 ऐसे परमाणु वैज्ञानिक थे, जो ईरान का परमाणु कार्यक्रम संचालित करने में विशेष योगदान दे रहे थे। ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों, मिसाइल लॉन्चर, नेचुरल गैस रिफाइनरी आदि को तबाह कर दिया गया। इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद को एक बार फिर शाबाश देनी पड़ेगी कि उसने यह ऑपरेशन करीब एक साल पहले तय किया था और करीब 2000 किमी. बसे देश ईरान के भीतर ही अपने बेस बना लिए थे। वहीं से ड्रोन हमले कर ईरान की वायु रक्षा प्रणालियों के परखच्चे उड़ा दिए थे। मोसाद के करीब 1000 एजेंट्स ईरान में ही सक्रिय हैं। यही कारण है कि इजरायल के हमले सटीक निशाने पर लगे। बहरहाल ईरान ने भी 150 मिसाइलों की बारिश कर जवाबी कार्रवाई की है। ईरान के पास ऐसी मिसाइलों का भंडार है, जो 2000 किमी. की दूरी पर मार करने में सक्षम हैं, लेकिन इजरायल के सुरक्षा-कवच भी अभेद्य हैं। अब हमले दोतरफा हो गए हैं। हमलों में अभी तक 141 लोग मारे जा चुके हैं। इजरायल में तो मात्र 3-4 मौतें ही हुई हैं, शेष मौतें ईरान के हिस्से की हैं। इमारतें जमींदोज हो रही हैं।

# आस्था की उड़ान या जोखिम का सफर

ऑपरेटर, मुनाफे की होड़ में, सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रहे हैं। कंपनियों पर वीआईपी और रसूखदार लोगों का दबाव भी है, जो प्राथमिकता की मांग करते हैं, जिससे हेलीकॉप्टर इंजनों और पायलटों को विश्राम का समय नहीं मिलता। यह थकान और तकनीकी खराबी हादसों का प्रमुख कारण है। अब समय आ गया है कि राज्य सरकार और नागरिक उड्डयन विभाग इस विषय को गंभीरता से लें। तीर्थ यात्रियों की आस्था को सुरक्षा की मजबूत आधारशिला प्रदान की जाए। केदारनाथ, सिरसी और फाटा में स्थायी विमान यातायात नियंत्रण इकाइयाँ स्थापित की जानी चाहिए।

**जयसिंह रावत**

**उत्तराखंड** के चारधामों में से एक केदारनाथ यात्रा में हेलीकॉप्टर सेवा तीर्थयात्रियों के लिए वरदान मानी जाती है। लेकिन दुखद यह है कि यह सेवा उन बुनियादी सुरक्षा इंतजामों से भी वंचित है जो भारत के किसी सामान्य हवाई अड्डे में होते हैं। यहां न कोई विमान यातायात नियंत्रण केंद्र है, न रडार प्रणाली और न ही मौसम की त्वरित निगरानी की व्यवस्था।

पायलट केवल दृश्य संकेतों और रेडियो संपर्क के सहारे इस दुर्गम और उच्च हिमालयी क्षेत्र में उड़ान भरते हैं, जिससे हर यात्रा एक जोखिम बन जाती है। 2025 में 10 दिनों में तीन हादसे (8, 12, 17 मई) इस बात का प्रमाण हैं कि सुरक्षा प्रणाली चरमरा चुकी है। खराब हेलीपैड और अपर्याप्त मौसम निगरानी ने जोखिम को और बढ़ाया है। वर्ष 2025 में मई-जून के दौरान छह सप्ताह में पाँच गंभीर घटनाएं हुईं, जिनमें दो जानलेवा दुर्घटनाएं भी शामिल थीं।

अधूरी घोषणाएं, अधर में लटकी योजनाएंः 2022 की एक घातक दुर्घटना के बाद उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण द्वारा मार्ग पर तीन निगरानी कैमरे लगाए गए और एक 'उड़ान उपयुक्तता निगरानी प्रणाली' की शुरूआत की गई। लेकिन विमानन विशेषज्ञों का मानना है कि ये केवल प्रतीकात्मक उपाय हैं, जो अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों से बहुत पीछे हैं।

हवाई दुर्घटना जांच ब्यूरो की रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया कि केदारनाथ मार्ग पर मौसम का वैज्ञानिक पूवार्नुमान, उड़ान समन्वय की कोई केंद्रीय व्यवस्था या कोई वैधानिक नियंत्रण नहीं है। निजी कंपनियाँ अपने स्तर पर ही उड़ानों का प्रबंधन कर रही हैं, जिससे नियंत्रण की गंभीर कमी सामने आती है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और यूसीएडीए के बीच प्रस्तावित समझौता-पत्र भी केवल फाइलों तक ही सीमित रह गया क्योंकि क्षेत्र में विमान यातायात नियंत्रण केंद्र न होने के कारण यह समझौता क्रियान्वित नहीं हो पाया।

### चारधामों की हेली सेवाएं

**पीड़ितों की पीड़ाः** हादसे नहीं, प्रशासन की चूक

2022 की दुर्घटना में मारे गए पायलट कैप्टन अनिल सिंह की पत्नी रमनजीत सिंह का बयान बेहद मार्मिक था। उन्होंने कहा कि उनके पति बिना रडार, बिना स्थल मानचित्रण और बिना मौसम जानकारी के उड़ा रहे थे।

उनके अनुसार, यह कोई संयोग नहीं था, हर उड़ान एक दांव पर लगी बाजी थी। यह कथन इस बात को रेखांकित करता है कि यात्रियों और पायलटों की जान जोखिम में डालना केवल तकनीकी भूल नहीं, बल्कि एक बड़ी प्रशासनिक असफलता है।

एक दशक, कई हादसेः हवाई सेवाओं का काला इतिहास

चारधाम यात्रा मार्ग पर हेलीकॉप्टर हादसों की लंबी सूची रही है। नीचे बीते वर्षों की प्रमुख घटनाओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत हैः

**चारधाम हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएंः** एक दृष्टि

**7 जून 2025:** केस्टरल विमान सेवा का हेलीकॉप्टर गुप्तकाशी-गौरीकुंड मार्ग पर आपात लैंडिंग; पायलट घायल

**12 मई 2025:** बद्रीनाथ से लौटते हेलीकॉप्टर ने उखीमठ में आपात उतराव किया; दृश्यता खराब

**8 मई 2025:** उत्तरकाशी में दुर्घटनाग्रस्त हुआ हेलीकॉप्टर; पायलट सहित 6 की मृत्यु, 1 घायल

**15 जून 2025:** आर्यन विमान सेवा का हेलीकॉप्टर केदारनाथ घाटी में दुर्घटनाग्रस्त; सभी 7 यात्रियों की मृत्यु

31 अगस्त 2024ः वायु सेना का परिवहन हेलीकॉप्टर हवा की दिशा बदलने से मलबा गिरा; कोई जनहानि नहीं

**23 अप्रैल 2023:** वित्त नियंत्रक अमित सैनी की टेल रोटर की चपेट में आने से मृत्यु

**18 अक्टूबर 2022:** आर्यन सेवा का हेलीकॉप्टर केदारनाथ में दुर्घटनाग्रस्त; 7 की मृत्यु

**9 जून 2017:** बद्रीनाथ में उड़ान भरते समय निजी हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त; फ्लाइट इंजीनियर की मृत्यु

**24 जुलाई 2013:** राहत सामग्री लाते समय निजी हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त; पायलट व सह-पायलट की मृत्यु

**25 जून 2013:** बाढ़ राहत के दौरान वायुसेना का हेलीकॉप्टर गुप्तकाशी के पास गिरा; 20 लोगों की मृत्यु

**21 जून 2013:** रामबाड़ा के पास प्रभातम विमान सेवा का हेलीकॉप्टर गिरा; जनहानि का विवरण अस्पष्ट

इन घटनाओं के प्रमुख कारणों में घना कोहरा, खराब मौसम, तकनीकी खामियाँ, दृश्यता की कमी और ऊँचाई वाला जटिल स्थलचिह्न शामिल हैं। कई बार एक ही निजी कंपनी एक से अधिक दुर्घटनाओं में शामिल पाई गई है, जो चिंता का विषय है।

**पर्यावरण और वन्यजीवों पर संकटः** उत्तराखंड सरकार की नीतियां, जो तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ाने पर केंद्रित हैं, हिमालय के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर रही हैं। हेलीकॉप्टर उड़ानें, जो सिटी बसों की तरह लगातार चल रही हैं, ध्वनि प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन को बढ़ा रही हैं। विशेष रूप से केदारनाथ यात्रा में, हेलीकॉप्टर वन्यजीव विहार के ऊपर से गुजरते हैं, जिससे वन्यजीवों को गंभीर नुकसान हो रहा है।

इन उड़ानों की कंपन से ग्लेशियर अस्थिर हो रहे हैं, जिसके कारण बार-बार हिमस्खलन (अव्लांच) की घटनाएं हो रही हैं। गंगोत्री और केदारनाथ जैसे क्षेत्र, जो पहले से ही भूस्खलन और ग्लेशियर पिघलने से प्रभावित हैं, अनियंत्रित पर्यटन के दबाव में और बिगड़ रहे हैं। पर्यावरणीय प्रभाव के आकलन के बिना उड़ानों की बढ़ती संख्या जैव-विविधता को खतरे में डाल रही है।

**क्या अब भी किसी अगली दुर्घटना का इंतजार करेंगे?:** हादसों की बढ़ती संख्या , उत्तराखंड सरकार, और हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों की लापरवाही का परिणाम है। डीजीसीए के ढीले नियम और अपर्याप्त निरीक्षण ने सिंगल-इंजन हेलीकॉप्टरों के उपयोग और खराब रखरखाव को बढ़ावा दिया। उत्तराखंड सरकार की अत्यधिक भीड़ को प्रोत्साहित करने वाली नीतियों ने हेलीकॉप्टर सेवाओं पर भारी दबाव डाला है। ऑपरेटर, मुनाफे की होड़ में, सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रहे हैं। कंपनियों पर वीआईपी और रसूखदार लोगों का दबाव भी है, जो प्राथमिकता की मांग करते हैं, जिससे हेलीकॉप्टर इंजनों और पायलटों को विश्राम का समय नहीं मिलता। यह थकान और तकनीकी खराबी हादसों का प्रमुख कारण है। अब समय आ गया है कि राज्य सरकार और नागरिक उड्डयन विभाग इस विषय को गंभीरता से लें। तीर्थ यात्रियों की आस्था को सुरक्षा की मजबूत आधारशिला प्रदान की जाए। केदारनाथ, सिरसी और फाटा में स्थायी विमान यातायात नियंत्रण इकाइयाँ स्थापित की जानी चाहिए। रडार कवरेज, त्वरित मौसम सूचना केंद्र और उड़ानों का केंद्रीकृत नियंत्रण कक्ष बनाना नितांत आवश्यक है।

# एक दोहरी त्रासदी और इसके दूरगामी परिणाम

रियल एस्टेट की कीमतों में भी कमी की आशंका है, क्योंकि लोग अब हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्रों में रहने से हिचक सकते हैं। भविष्य के लिए सबक और सुझावः इस हादसे ने कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े किए हैं, जिनका समाधान भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए जरूरी है। विमानन सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करना होगा, जिसमें विमान रखरखाव, पायलट प्रशिक्षण, और तकनीकी जांच की प्रक्रियाओं को और मजबूत करना शामिल है। ब्लैक बॉक्स और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर की जांच से हादसे के सटीक कारणों का पता लगाना आवश्यक है।

**अहमदाबाद** के मेघानी नगर के लिए 12 जून 2025 की दोपहर एक काला दिन बन गया, जब एयर इंडिया की फ्लाइट अक171, एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर, टेकऑफ के महज पांच मिनट बाद एक घनी आबादी वाले रिहायशी क्षेत्र में क्रैश हो गई। यह दुर्घटना अपने आप में एक दोहरी त्रासदी थी–विमान में सवार 242 लोगों (230 यात्री और 12 क्रू मेंबर) में से अधिकांश की जान चली गई, और जमीन पर मेघानी नगर के बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल और स्टाफ क्वार्टर्स में पांच मेडिकल स्टूडेंट्स सहित कई लोग मारे गए।

यह अहमदाबाद के इतिहास में पहली बार था जब इतनी घनी आबादी वाले क्षेत्र में विमान दुर्घटना हुई। इस हादसे ने न केवल मानवीय क्षति की भयावहता को उजागर किया, बल्कि तेजी से बढ़ती विमानन सेवाओं और शहरीकरण के बीच सुरक्षा के अनसुलझे सवालों को भी सामने लाया।

**दोहरी त्रासदीः** आकाश और धरती पर तबाही

इस हादसे की सबसे बड़ी त्रासदी इसकी दोहरी प्रकृति है। पहला, विमान में सवार 242 लोगों में से केवल एक यात्री, विशवास कुमार रमेश, चमत्कारिक रूप से बच पाया। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी जैसे प्रमुख व्यक्तियों की मृत्यु ने इस हादसे को और गंभीर बना दिया।

दूसरा, विमान का मेघानी नगर जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में गिरना, जहां बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल और स्टाफ क्वार्टर्स जैसी संवेदनशील संरचनाएं थीं, ने जमीन पर भी भारी तबाही मचाई। पुलिस कमिश्नर जी.एस. मलिक के अनुसार, 204 शव बरामद किए गए, जिनमें विमान के यात्री और जमीन पर मौजूद लोग शामिल थे। पांच मेडिकल स्टूडेंट्स की मौत और कई अन्य के घायल होने ने इस हादसे को और भी दुखद बना दिया।

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना

यह पहली बार था जब अहमदाबाद के इतिहास में इतनी घनी आबादी वाले क्षेत्र में विमान दुर्घटना हुई। इसने न केवल विमानन सुरक्षा पर सवाल उठाए, बल्कि हवाई अड्डों के आसपास बस्तियों के अनियोजित विस्तार को भी एक गंभीर चिंता का विषय बना दिया।

विमानन सेवाओं का विस्तार और बढ़ता जोखिमः भारत में विमानन उद्योग पिछले कुछ दशकों में अभूतपूर्व गति से बढ़ा है। सरकार की उड़ान योजना और निजी एयरलाइंस के विस्तार ने हवाई यात्रा को आम लोगों की पहुंच में ला दिया है। लेकिन, इस तेजी से बढ़ते उद्योग के साथ दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं। अहमदाबाद हादसा इस बात का ज्वलंत उदाहरण है कि विमानन सुरक्षा के मानकों को और सख्त करने की जरूरत है।

बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर, जो 2014 में एयर इंडिया को डिलीवर हुआ था, इस मॉडल का पहला क्रैश था। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी, पायलट त्रुटि, या बाहरी कारकों (जैसे बर्ड स्ट्राइक) की संभावना पर विचार किया जा रहा है। लेकिन यह सवाल अनुत्तरित है कि इतने आधुनिक विमान में ऐसी विफलता कैसे हुई? विमानन सेवाओं के विस्तार के साथ, हवाई अड्डों की संख्या और उड़ानों की आवृत्ति बढ़ रही है। यह स्वाभाविक रूप से जोखिम को बढ़ाता है, खासकर उन हवाई अड्डों के पास जो घनी आबादी वाले क्षेत्रों से घिरे हैं। मेघानी नगर जैसे क्षेत्रों में हवाई अड्डों की निकटता और अनियोजित शहरीकरण ने इस हादसे के प्रभाव को और बढ़ा दिया। शहरी नियोजन और हवाई अड्डों की सुरक्षाः मेघानी नगर जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विमान दुर्घटना का होना शहरी नियोजन की विफलता को दशार्ता है। सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास बस्तियों का अनियोजित विस्तार इस हादसे का एक प्रमुख कारण रहा। विश्व स्तर पर, हवाई अड्डों के आसपास बफर जोन बनाए जाते हैं, जहां निर्माण कार्यों पर सख्त नियंत्रण होता है। लेकिन भारत में कई शहरों में, विशेष रूप से अहमदाबाद जैसे तेजी से विकसित हो रहे महानगरों में, यह नियम प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो पा रहा है। यह हादसा इस बात की ओर इशारा करता है कि हमें हवाई अड्डों के आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों को फिर से परिभाषित करने की जरूरत है। बफर जोन, आपातकालीन निकासी योजनाएं, और स्थानीय समुदायों के लिए जागरूकता कार्यक्रम इस तरह की त्रासदियों को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**सामाजिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव** : इस हादसे ने मेघानी नगर के स्थानीय समुदाय, खासकर बीजे मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स और स्टाफ, पर गहरा मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाला है। मेडिकल स्टूडेंट्स, जो भविष्य के डॉक्टर बनने की राह पर थे, इस हादसे का शिकार बने। यह न केवल उनके परिवारों के लिए, बल्कि पूरे समुदाय के लिए एक बड़ा आघात है। स्थानीय निवासियों में अब हवाई अड्डे की निकटता को लेकर डर का माहौल है, जो रियल एस्टेट और स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। इसके अलावा, हादसे ने हवाई यात्रा की सुरक्षा पर लोगों का भरोसा डगमगा दिया है। एयर इंडिया, जो पहले से ही वित्तीय और प्रबंधकीय चुनौतियों का सामना कर रही थी, को इस हादसे से भारी झटका लगा है। यात्रियों में डर का माहौल बन सकता है, जिसका असर पूरे विमानन उद्योग पर पड़ सकता है। आर्थिक प्रभाव और वैश्विक निहितार्थ : यह हादसा केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि वैश्विक विमानन उद्योग के लिए भी एक चेतावनी है। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर एक अत्याधुनिक विमान माना जाता है, और इस मॉडल का पहला क्रैश बोइंग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है। इससे बोइंग के शेयरों और इस मॉडल की बिक्री पर असर पड़ सकता है।

साथ ही, भारत के विमानन उद्योग की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठ रहे हैं, जो विदेशी निवेश और पर्यटन को प्रभावित कर सकता है। मेघानी नगर के स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि हादसे के बाद क्षेत्र में लोगों का आना-जाना कम हो गया है, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हुई है।

# प्रार्थना

**ओशो**

### चिंतन-मनन

**याद** घर बुलाने लगी! इन थोड़े से शब्दों में सारे धर्म का सार है। याद घर बुलाने लगी। जहां हम हैं वहां हम तृप्त नहीं। जो हम हैं उससे हम तृप्त नहीं। एक बात निश्चित है कि हम अपने घर नहीं, कहीं परदेश में है। कहीं अजनबी की भांति भटक गए हैं। कहां जाना है यह भला पता न हो, लेकिन इतना सभी को पता है कि जहां हम हैं, वहां नहीं होना चाहिए॥ एक बेचैनी है। कुछ भी करो, कितना ही धन कमाओ, कितनी ही पद-प्रतिष्ठा जुटाओ,कुछ कमी है जो मिटती नहीं। कोई घाव है जो भरता नहीं। कोई पुकार है जो भीतर कहे ही चली जाती हैः यह भी नहीं यह भी नहीं; कहीं और चलो। खोजो घर। द्वार-द्वार दरवाजे- दरवाजे दस्तक दिए। न मालूम कितने- कितने जन्मों में , कितने-कितने ढंग से अपने घर को खोजा है। मगर सारी खोज एक ही बात की है कि कोई ऐसा स्थान हो, जहां तृप्ति हो। कोई ऐसी भावदशा हो, जिसमें कोई वासना न उठती हो। वासना का अर्थ ही है कि जो हम हैं, उसमें रस नहीं आ रहा, कुछ और होना चाहिए। चाह का अर्थ ही है बेचैनी। चाह उठती ही बेचैनी से। राहत नहीं है। कोई कांटा चुभ रहा है। कोई अतृप्ति सब तरफ से घेरे है। सब मिल जाता है। फिर भी अतृप्ति वैसी की वैसी बनी रहती है। अछूती, अस्पर्शित। धर्म का जन्म मनुष्य के भीतर इस महत घटना से होता है। बेचैनी की इस घटना से होता है। जैसे परदेश में हैं, जहां न कोई अपनी भाषा समझता, न कोई अपना है। जहां सब संबंध सांयोगिक हैं। जहां सब संबंध मन के मनाये हुए हैं; वास्तविक नहीं हैं। और जहां पानी का धोखा तो बहुत मिलता है। पानी नहीं मिलता, मृग- मरीचिका है। दूर से दिखाई पड़ता जल का सोत, पास आते रेत ही रेत रह जाती है। इस भटकाव को हम कहते हैं संसार। भटकाव में घर की याद आने लगी तो धर्म की शुरू आत हुई॥ पानी पर तिरता है आईना/आंख झिलमिलाने लगी॥ अगर बाहर देख- देखकर ऊब पैदा हो गई हो। देख-देखकर देख लिया हो,कुछ देखने जैसा नहीं है, आंख झपकने लगी हो, भीतर देखने का खयाल उठने लगा हो, आंख बंद करके देखने का भाव जगने लगा हो तो हो गई शुरू आत। हाथ भर- भरके देख लिए जब पाया तब राख से भरे पाया। कभी हीरों से भरा लेकिन हीरे राख हो गए। सोने से भरा, सोना मिट्टी हो गया। संबंधों से भरा, तथाकथित प्रेम से भरा और सब अंततः मूल्यहीन सिद्ध हुआ।

## आपके पत्र

### और अलर्ट हों विमान कंपनियां

**बीता** गुरुवार हमारे देश के लिए बहुत ही अभागा दिन रहा। अहमदाबाद में उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों में एक यात्री विमान आग का गोला बन गया और इस अभागे विमान में बैठे यात्रियों के साथ-साथ वहां जहां यह विमान टकराया और जहां इस जलते विमान के हिस्से गिरे, वहां के लोगों की मौत का कारण भी बन गया। जिस किसी ने भी इस दर्दनाक हादसे की खबर सुनी, वो स्तब्ध है।

इस अभागे विमान के हादसे के क्या कारण रहे, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन इस दुखद हादसे से यह तो साफ जाहिर है कि इनसान विज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको बेशक तीसमार खां समझता हो, लेकिन वह इस क्षेत्र में अभी भी अधूरा नजर आता है। अगर ऐसा नहीं होता तो विमान की तकनीकी खराबी का पहले पता चल गया होता। विमान कंपनियों को और अलर्ट रहने की जरूरत है।

**पवन झा**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## श्री परशुराम अखाड़ा ने शहीद कुंदन ओझा की पुण्यतिथि मनाई



**साहिबगंज :** शहर के एनआरपी सेंटर स्कूल मे गलवान घाटी में 16 जून 2020 को चीनी सैनिकों के साथ हुए हिंसक झड़प में वीरगति को प्राप्त होने वाले साहिबगंज के वीर सपूत कुंदन ओझा जी शहादत दिवस व पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई।श्री परशुराम अखाड़ा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सबसे पहले शाहिद कुंदन ओझा जी की चित्र पर माल्यार्पण एवं उन्हें पुष्प अर्पित कर सभी लोगों ने श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किया।कार्यक्रम में आए हुए शहीद कुंदन ओझा जी के पिता रवि शंकर ओझा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।भगवती रंजन पांडे,सुबोध झा एवं ज्योति मिश्रा ने शाहिद की गाथा अपने काव्य के रूप में सुनाइ।अखाड़ा युवा संयोजक अंकित पांडे ने कहा कि शहीद कुंदन ओझा को किसी कार्यक्रम तक सीमित नहीं करना है। इनके बारे में विद्यालय के पाठ्यक्रमों में जोड़ा जाए।अखाड़ा प्रमुख राजीव ओझा ने कहा कि जल्द ही शाहिद कुंदन ओझा के घर के सामने शाहिद कुंदन द्वार बनाया जाए।उपस्थित सभी लोगों ने अपनी बातों से शाहिद की वीर गाथा सुनाई।इस मौके पर राजीव ओझा,सच्चिदानंद मिश्रा,अंकित पाण्डेय, मनोज झा,बच्चन पाठक श्रीकांत ओझा,मनोज दुबे,परमानंद उपाध्याय, संजीत,वेद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## झामुमो संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा : सुरेंद्र यादव



**साहिबगंज :** झामुमो केद्रीय समिति के अनुमोदन के बाद महासचिव विनोद कुमार पांडे ने साहिबगंज जिला कमेटी का विस्तार किया।वही साहिबगंज सकरोगढ़ निवासी सुरेन्द्र यादव को झामुमो जिला उपाध्यक्ष बनाया!वही सुरेन्द्र यादव ने इसके मुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष हेमन्त सोरेन,केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा राजमहल सांसद सह कार्यकारिनी सदस्य विजय हाँसदा,बोरियो विधायक सह कार्यकारिनी सदस्य धनंजय सोरेन, राजमहल विधायक सह केंद्रीय कार्यकारिनी सदस्य एमटी राजा,जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह जिला सचिव सुरेश टुडू के प्रति आभार व्यक्त किया।जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने सभी नव नियुक्त जिला कमेटी के पदाधिकारीगणों को बधाई देते हुए कहा कि जिले में झामुमो को और मजबूत और धारधार बनाने का काम होगा। सुरेंद्र यादब ने कहा की वह जिले के प्रत्येक प्रखंड के पंचायत,गांव,नगर में दौरा कर झामुमो को मजबूत बनाने का काम करेंगे!साथ ही झारखण्ड सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को देंगे।

## गरम सब्जी में गिरने से बच्चा झुलसा

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के चानन निवासी कैलाश मंडल के चार वर्षीय पुत्र आयुष कुमार के शरीर पर गरम सब्जी गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया।आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया।स्वजनों ने बताया कि घर के आंगन पर चूल्हे पर खाना बना रही थी इसी दौरान आयुष खेलते हुए आया और गरम सब्जी पर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। फिलहाल डाक्टर की देखरेख में उपचार किया जा रहा है।

## रेलवे का लोहा चोरी करते रंगे हाथ पकड़ाया

साहिबगंजः आरपीएफ ने तालझारी क्षेत्र के रेलवे साइडिंग से दो युवकों को रेलवे का लोहा चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा है।आरपीएफ इंस्पेक्टर गुलाम सरवर ने बताया कि तालझारी क्षेत्र से लगातार रेलवे का समान चोरी होने की सूचना मिल रही थी। आरपीएफ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे साइडिंग में छापेमारी करते हुए रेलवे का सामान चोरी करते हुए दो युवक राजमहल निवासी गोविंद मंडल एवं जितेंद्र मंडल को गिरफ्तार किया है दोनों से पूछताछ के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

## रेल पटरी से एक अज्ञात युवक का शव बरामद

**साहिबगंजः** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन के चार नंबर रेल पटरी से एक अज्ञात युवक का शव बरामद जीआरपी पुलिस ने बरामद किया हैं।जीआरपी पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकिन पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया जहां डाक्टर ने शव का पोस्टमार्टम किया।वहीं शव की पहचान नहीं होने के कारण शव को 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम रूम स्थित मोर्चरी में रखवा दिया गया।जीआरपी ने बताया कि सुबह 5:30 बजे के लगभग सूचना मिलेगी एक युवक किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है।पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन किया तो देखने से प्रतीत हुआ कि युवक ने आत्महत्या की है। शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है युवक की पहचान अब तक नहीं हो पाई हैं। पुलिस यूडी केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## बर्खास्त अनुसेवकों ने समायोजन की मांग को लेकर दिया धरना

**मेदिनीनगरः** पलामू जिले में बर्खास्त 251 अनुसेवक का संघ ने समायोजन सहित चार सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को धरना दिया। शिवाजी मैदान से बर्खास्त अनुसेवकों ने रैली निकाली और सरकार और जिला प्रशासन के विरूद्ध नारेबाजी की। रैली शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए कचहरी परिसर पहुंची और धरना में तब्दील हो गई। संघ की चार सूत्री मांगों में बर्खास्त 251 अनुसेवकों को बिना आवेदन के ही समायोजित करने, विज्ञापन संख्या 1/2010 को पुनर्बहाल रखते हुए उपायुक्त और झारखंड सरकार को सर्वोच्च न्यायालय में पुर्नविचार याचिका दायर करने, पूर्व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को वरियता के अनुसार अधिमान्यता देते हुए पुनः समायोजन करने, बिहार सरकार के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के पत्र के आलोक में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को वरीयता के अनुसार अधिमानता देने आदि शामिल हैं। धरना के दौरान वक्ताओं ने कहा कि चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के 2018 में नियुक्ति के बाद से अब तक सभी प्रतिबद्धता के साथ काम किया है। सर्वोच्च न्यायालय से पारित आदेश के आलोक में विज्ञापन संख्या 01/2010 को रद्द करते हुए झारखंड सरकार के कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग से बिना अनुमति लिए ही पलामू उपायुक्त ने एक मार्च 2025 को 251 अनुसेवकों को बर्खास्त कर दिया। सरकार और उपायुक्त को सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करना चाहिए, जो नहीं किया गया। विवश होकर बर्खास्त अनुसेवकों ने सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर किया है।

# आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से बनाई गई है : संजय

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** मिशन वात्सल्य के तहत झारखंड आफ्टर केयर मार्गदर्शिका 2023 विषय पर आज एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला परियोजना संसाधन केंद्र सभागार साहिबगंज में किया गया। यह कार्यशाला पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रभारी पदाधिकारी सामाजिक सुरक्षा कोषांग की अध्यक्षता में संपन्न हुई।कार्यशाला में मुख्य रूप से आफ्टर केयर योजना की प्रक्रिया प्रावधान हितग्राहियों की पहचान से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि संस्थागत अथवा गैर-संस्थागत देखरेख सेवाओं से जुड़े वे बालक बालिकाएं जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो और जो आर्थिक कठिनाइयों के कारण अपनी उच्च शिक्षा या जीविकोपार्जन की दिशा में आगे नहीं बढ़ पा रहे हों उनके लिए आफ्टर केयर




योजना के अंतर्गत ?4000 प्रति माह की आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है।प्रशिक्षक संजय कुमार ने कहा कि वे बालक बालिकाएं जो 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं और दीर्घकालिक देखभाल संस्थान में निवास कर रहे हैं।उनके लिए व्यक्तिगत देखभाल योजना के अनुरूप आवश्यकता के अनुसार आफ्टर केयर सेवाओं से लाभान्वित किया जा सकता है। यह योजना बालकों को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से बनाई गई है।प्रशिक्षिका सुतापा रूईदास ने प्रतिभागियों को जानकारी दी कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके वैसे बालक-बालिकाएं, जिन्हें अभी भी संरक्षण और देखभाल की आवश्यकता है, उन्हें जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से चिह्नित कर मूलभूत सुविधाएं एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष, जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारीगण, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल गृह के समन्वयक, पीएएलभी के पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।इस कार्यशाला का उद्देश्य बाल अधिकारों की सुरक्षा, उनके पुनर्वास एवं सशक्तिकरण हेतु राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देना तथा संबंधित विभागों और संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करना रहा।

## यह प्रयास सबका साथ सबका विकास : समाज कल्याण पदाधिकारी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के धरती आभा जनभागीदारी अभियान तथा महिला, बाल विकास व सामाजिक सुरक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में व्यापक स्तर पर आधार कैम्प का आयोजन प्रारंभ किया गया है। यह अभियान जिले के 08 प्रखंडों के 39 पंचायतों में आरंभ हो चुका है। जिसका विस्तार आगामी 16 जून 2025 से 11 अगस्त 2025 तक जिले के कुल 162 पंचायतों में किया जाएगा।प्रत्येक पंचायत में पाँच दिनों तक चलने वाला यह कैम्प समाज के अंतिम व्यक्ति तक आधार पंजीकरण, सुधार अपडेट की सुविधाएँ पहुँचाने हेतु समर्पित है। इसका उद्देश्य विशेष रूप से जनजातीय और हाशिए पर रह रहे समुदायों को सरकारी योजनाओं से



जोड़ना है।इस अभियान को सफल बनाने हेतु जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पोस्टल बैंक मैनेजर व जिला परियोजना पदाधिकारी की उपस्थिति में सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं पंचायत सचिव समन्वय कर रहे हैं।कैम्प में नागरिकों को आधार सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिससे उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। जिला प्रशासन का यह प्रयास ह्यसबका साथ, सबका विकासह्ल की दिशा में एक सशक्त कदम है।

## पीएम मोदी के 11 साल के कार्यकाल में देश का तेज विकास हुआ : रेणु देवी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**लातेहारः** केंद्र में मोदी सरकार के 11 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में लातेहार जिला भाजपा ने कार्यशाला का आयोजन किया. शहर के धर्मपुर विवाह मंडप में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने की. भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेणु देवी व मंत्री आशा देवी ने विशेष रूप से भाग लिया. रेणु देवी ने कहा कि 11 वर्षों में देश का जितना विकास हुआ है, उतना पिछले 50-60 सालों में भी नहीं हुआ था. पीएम मोदी के कार्यकाल में देश का तेजी से विकास हुआ. भारत पूरे विश्वद में एक शक्ति बन कर उभरा है.

नगर अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत




का लोहा मान रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों मे देश सुरक्षित है. मौके पर भाजपा की जिला उपाध्यक्ष उषा देवी, वरीय नेता मनमोहन चंद्रवंशी, नगर मंडल उपाध्यक्ष सुकन्या देवी, अमर विश्वकर्मा, नगर मंत्री सोनू सिंह, बबन मांझी, जितेंद्र कुमार, हैप्पी साहू, मिलन शुक्ला, कलावती देवी, सीमा, कंचन कुमारी आदि उपस्थित थीं. मंच संचालन सोनू अमितेश तिवारी सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन बबन मांझी ने किया.

## मानवाधिकार एसोसिएशन मिला डीआईजी से

**मेदिनीनगरः** इंडियन मानवाधिकार एसोसिएशन की पलामू इकाई ने सोमवार को पलामू के नए डीआईजी नौशाद आलम से मुलाकात कर जनहित के मुद्दों पर चर्चा की। महासचिव विनय कुमार सिंह ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस की कार्य-प्रणाली, पुलिस थानों में आम लोगों के साथ व्यवहार आदि पर बातचीत की गई। विनय कुमार सिंह ने बताया कि सभी तथ्यों को सुनने के बाद डीआईजी ने सकारात्मक आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के प्रदेश सचिव अरुण राम, जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, कोषाध्यक्ष महाराणा प्रताप सिंह, संरक्षक जटाधारी प्रजापति, सचिव नीरज अग्रवाल, सत्येंद्र ठाकुर, विनोद प्रजापति आदि शामिल थे।

## आजसू के स्थानपना दिवस समारोह में भाग लेंगे जिले के कार्यकर्ता




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**लातेहारः** आजसू पार्टी का स्थापना दिवस 22 जून को रांची के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में मनाया जायेगा. इसमें लातेहार जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे. इसकी तैयारियों को लेकर जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय की अध्यगक्षता में बैठक हुई. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष व पलामू प्रमंडल के प्रभारी हसन अंसारी व झारखंड आंदोलनकारी बसंत महतो शरीक हुए. हसन अंसारी ने कहा कि आजसू पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि एक आंदोलन है. यह आंदोलन झारखंड की अस्मिता, अधिकार और विकास के लिए है. 22 जून को स्थापना दिवस हमारे लिए केवल उत्सव नहीं, बल्कि संकल्प लेने का दिन है.

उन्होंने लातेहार जिला से बड़ी संख्या में कार्यकताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की. बैठक में राहुल कुमार के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. मौके पर केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, सदस्य राकेश सिंह, श्रवण पाण्डेय, बीरेंद्र ठाकुर, सद्दाम अंसारी, नितेश जयसवाल, विकास कुमार, रवि वर्मा, रीमा देवी सहित छात्र इकाई व युवा मोर्चा के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

## शिक्षिका संध्या कुमारी को शिक्षा रत्न से किया गया सम्मानित

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बालूमाथ :** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत कन्या मध्य विद्यालय की सहायक शिक्षिका संध्या कुमारी को नवाचारी शिक्षक में उत्कृष्ट प्रयास के लिए शिक्षा रत्न से सम्मानित किया गया। इस संबंध में शिक्षिका संध्या कुमारी ने बताया कि नवाचारी गतिविधियां समूह भारत जो देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ा हुआ ,स्वप्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है। इस संस्थान के द्वारा मुझे नवाचारी शिक्षण में उत्कृष्ट प्रयास हेतु शिक्षा रत्न सम्मान 2024- 25 से सम्मानित किया गया है। अवार्ड सामग्री प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो संस्थान द्वारा स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुझे प्राप्त हुआ है। बतलाया कि इस सम्मान प्रक्रिया में विभिन्न राज्यों के 700 से अधिक शिक्षक नामांकन किए थे। चयन प्रक्रिया बहुचरणीय थी,जिसमें पहले समूह की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से विस्तृत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए। प्रत्येक आवेदक को बच्चों के शैक्षिक विकास,पठन-पाठन में नवाचार,मूलभूत सुविधाओं में सुधार तथा सामुदायिक भागीदारी जैसे विषयों पर आधारित प्रश्नों का उत्तर देना था। इसके बाद स्क्रुटनी, साक्षात्कार एवं दस्तावेज प्रमाणीकरण की प्रक्रिया संपन्न की गई। अंततः देश भर के 110 शिक्षकों को चयनित कर राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान प्रदान किया गया। 110 शिक्षकों में मेरा भी नाम शामिल किया गया।

## हर नागरिक तक बुनियादी सेवाएं पहुंचे और सभी लोग स्वस्थ जीवन जी सकें : डीसी

### बरहेट प्रखंड में 10 दिवसीय मेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का हुआ शुभारंभ

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** बरहेट प्रखंड स्थित +2 राज्य संपोषित दामिन उच्च विद्यालय परिसर आज दस दिवसीय मेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ किया गया। इस विशेष शिविर का उद्घाटन जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस शिविर का आयोजन जिला प्रशासन साहिबगंज, स्वास्थ्य विभाग एवं चेन्नई स्थित शंकर नेत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें निःशुल्क नेत्र जाँच और मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा दी जा रही है।उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि यह विशेष शिविर जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले उन लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर है।जो आंखों की समस्याओं से जूझ रहे हैं लेकिन संसाधनों के अभाव में उपचार नहीं करवा पा रहे हैं। नेत्र स्वास्थ्य



हमारे जीवन की गुणवत्ता से जुड़ा हुआ विषय है और प्रशासन का प्रयास है कि जरूरतमंदों तक यह सेवा निःशुल्क और सुलभ रूप में पहुँचे। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस अवसर से न चूकें और अनिवार्य रूप से आंखों की जांच कराएं।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने कहा कि अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग यह जान ही नहीं पाते कि उनकी आंखों में समस्या है। यह शिविर ऐसे लोगों के लिए वरदान साबित हो सकता है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस शिविर की जानकारी अपने आसपास के लोगों को देनी चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें।शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुए सिविल सर्जन प्रवीण कुमार संथालिया ने बताया कि देश के अग्रणी नेत्र चिकित्सा संस्थानों में से एक शंकर नेत्रालय, चेन्नई की विशेषज्ञ टीम इस शिविर में मौजूद है। उन्होंने बताया कि नेत्र जांच की प्रक्रिया 16 जून से 22 जून,2025 तक प्रतिदिन प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चलेगी। इसके पश्चात 20 जून से 24 जून,2025 के बीच मोतियाबिंद ऑपरेशन किए जाएंगे। समस्त प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है, जिसमें ऑपरेशन, दवाएं एवं देखभाल की सुविधाएं शामिल हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी अरविंद चोपड़ा, सामाजिक संस्था बॉक्सा ट्रस्ट के संस्थापक सहित अनेक स्वास्थ्यकर्मी, स्वयंसेवी और आमजन उपस्थित थे। बॉक्सा ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने बताया कि वे गांव-गांव जाकर प्रचार कर रहे हैं। और लोगों को शिविर तक लाने में सहायता कर रहे हैं।शिविर के पहले ही दिन 200 लोगों ने अपनी नेत्र जांच करवाई और कई लाभार्थियों ने भविष्य में ऑपरेशन के लिए पंजीकरण भी करवाया।स्थानीय निवासी जो पिछले एक वर्ष से आंखों की समस्या से परेशान थे।ने बताया हमें लगा था कि ऑपरेशन के लिए शहर जाना पड़ेगा, लेकिन अब डॉक्टर खुद गांव आ गए हैं। यह हमारे लिए बहुत बड़ी राहत है।शिविर स्थल पर जिला प्रशासन द्वारा पेयजल, साफ-सफाई, बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल की तैनाती की गई है।कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त श्री सती ने चिकित्सकों, तकनीकी स्टाफ एवं स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीण जनजीवन को बदलने की क्षमता रखते हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले के हर नागरिक तक बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचे और सभी लोग स्वस्थ और सक्षम जीवन जी सकें।



# हाउसफुल 5 पर नोटों की बारिश भारत में कमाई 150 करोड़ पार

**बॉलीवुड स्टार** अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 5 ने भारतीय बाजार में 150 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। बॉलीवुड फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला की सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल की पांचवीं किस्त 6 जून को रिलीज हुई है। फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार ,रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडिस,सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े,चित्रांगदा सिंह,डीनो मोरिया,चंकी पांडे, जॉनी लीवर, निकितेन धीर,सौंदर्या शर्मा, रंजीत, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और नाना पाटेकर जैसे सितारे हैं।

फिल्म हाउसफुल 5 दो अलग-अलग क्लाइमैक्स के साथ रिलीज की गयी है। हाउसफुल 5 का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार है। हर दिन फिल्म पर झमाझम नोटों की बारिश हो रही है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म हाउसफुल 5 ने पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 127.25 करोड़ रुपए की शानदार कमाई की। आठवें दिन फिल्म ने 06 करोड़ और नौवें दिन 9.5 करोड़ की कमाई की। अब दसवें दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है। सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार फिल्म हाउसफुल 5 ने दसवें दिन 11 करोड़ का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म हाउसफुल 5 भारतीय बाजार में 10 दिनों में 153 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है।

# करियर की बेहद खास फिल्म है कुबेरा



**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म कुबेरा उनके करियर की बेहद खास फिल्म है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक शेखर कम्मुला की फिल्म कुबेरा में धनुष, नागार्जुन अक्किनेनी,रश्मिका मंदाना और जिम सर्भकी अहम भूमिका है। धनुष ने हाल ही में हैदराबाद के प्री-रिलीज इवेंट में फिल्म कुबेरा को अपने करियर की बहुत ही खास फिल्म बताया है। धनुष ने कहा, कुबेरा मेरी 51वीं तमिल फिल्म है और सिर्फ मेरी दूसरी तेलुगू फिल्म शेखर सर के बाद। थैंक यू शेखर सर और थैंक यू कि आप जैसे हैं वैसे ही हैं! आपने मुझे जो किरदार दिया है।वो दिल जीतने वाला है।

धनुष ने कहा, नाग सर, आप क्लास के आदमी हो। आपके साथ स्क्रीन शेयर करना किसी जादू से कम नहीं था। आपकी फिल्में देखकर हम बड़े हुए हैं और आज साथ काम करना झ सपना पूरा होने जैसा है! धनुष ने रश्मिका मंदाना की तारीफ करते हुए कहा,रश्मिका, तूने जो मेहनत की है न, उसी से तूने वो 2000 करोड़ की टॉप टैग्स कमाई हैं! लकी नहीं हो, तूने किस्मत भी मेहनत से बनाई है! और फिर जैसा मैंने कहा, कुबेरा मेरे लिए बहुत ही स्पेशल फिल्म है। जल्दी आ रही है। दिल से उम्मीद है कि आप सबको ये फिल्म पसंद आएगी! श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म का निर्माण सुनील नारंग और पुष्कुर राम मोहन राव ने किया है। विपुल अग्रवाल और मनीष वसिष्ठ सह निमार्ता हैं। संगीत देवी श्री प्रसाद का है। फिल्म कुबेरा 20 जून को रिलीज होगी।

## इंग्लैंड में शार्दुल ठाकुर का तूफान, शतक जड़ इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ठोंकी दावेदारी



**एजेंसी/ बैकेनहमः** ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने का मजबूत दावा पेश किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शार्दुल ठाकुर ने भारत-ए के लिए खेलते हुए भारत के खिलाफ इंट्रा-स्क्वाड मैच में शतक ठोक डाला। शार्दुल ने नाबाद 122 रन बनाए। यह पारी उन्होंने जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह जैसे तेज गेंदबाजों के खिलाफ खेली। इससे पहले, शार्दुल ने भारत-ए के लिए गेंदबाजी करते हुए अपनी गेंद से सभी को प्रभावित किया था, जहां उन्होंने केएल राहुल, शुभमन गिल और करुण नायर जैसे बल्लेबाजों को परेशान किया। इससे पहले, सरफराज खान ने दूसरे दिन 76 गेंदों में 101 रन की पारी खेली थी, जिसमें उन्होंने 15 चौके और दो छक्के लगाए थे। शार्दुल ठाकुर ने तीसरे दिन शतक पूरा किया। अब टीम मैनेजमेंट के सामने यह बड़ी समस्या है कि नितीश रेड्डी और शार्दुल में से किसे चुना जाए। मैनेजमेंट ने तीसरे दिन ही खत्म कर दिया मैचः मैनेजमेंट ने तीसरे दिन ही इंट्रा-स्क्वाड मैच को खत्म कर दिया। बीसीसीआई ने कहा कि टीम इंडिया का इंट्रा-स्क्वॉड मैच समाप्त हो गया है। टीम मंगलवार को लीड्स के लिए रवाना होगी।

## दि बंगाल फाइल्स में पल्लवी जोशी ने निभाया 100 साल की महिला का किरदार



**बॉलीवुड** अभिनेत्री पल्लवी जोशी ने अपनी आने वाली फिल्म द बंगाल फाइल्सह्न में 100 साल की महिला का किरदार निभाया है। फिल्म में उनका अहम रोल है और इसे निर्देशित किया है विवेक रंजन अग्निहोत्री ने। फिल्म को अभिषेक अग्रवाल और पल्लवी जोशी ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म भारत के इतिहास के कुछ ऐसे पहलुओं को सामने लाएगी, जिन पर अब तक ज्यादा बात नहीं हुई है। विवेक की पिछली फिल्मों की तरह इसमें भी समाज से जुड़ी कहानियों को मजबूती से दिखाया गया है।

पल्लवी, जो हमेशा गहराई और भावनाओं से भरे किरदारों के लिए जानी जाती हैं, इस बार मां भारती का रोल निभा रही हैं। ये किरदार देश की ममता, मासूमियत और जज्बे का प्रतीक है। लेकिन इस रोल को पर्दे पर उतारना आसान नहीं था, क्योंकि इसमें भावनाओं की कई परतें हैं और हर एक को सच्चाई से दिखाना उनके लिए एक बड़ी चुनौती थी। पल्लवी जोशी ने बताया कि ये मेरी ज़िंदगी के सबसे मुश्किल रोल्स में से एक था। बूढ़ा दिखना आसान नहीं होता। ज्यादातर प्रोस्थेटिक्स से मैं डरावनी लग रही थी, जबकि हमें एक ऐसा चेहरा चाहिए था जो मासूम और प्यारा लगे। मां भारती को गर्मजोशी और अपनापन दिखाना था। पल्लवी जोशी ने कहा कि मेरे पास बस एक ही रेफरंस था, मेरी दादी। मुझे वो बहुत बूढ़ी याद हैं लेकिन उतनी ही प्यारी भी। हमने इस लुक पर करीब छह महीने तक काम किया। इस दौरान मैंने स्किन केयर पूरी तरह छोड़ दी ताकि मेरी त्वचा रूखी दिखे। हर दिन मैं मां भारती के किरदार और उनकी डिमेंशिया को लेकर काम करती रही, जब तक कि वो मेरी आदत में शामिल नहीं हो गया। हमारी टेक्निकल टीम ने भी इस लुक और रोल को रियल बनाने में पूरा साथ दिया। और जो आखरी नतीजा आया है, वो सबके सामने है। फिल्म 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

पल्लवी, जो हमेशा गहराई और भावनाओं से भरे किरदारों के लिए जानी जाती हैं, इस बार मां भारती का रोल निभा रही हैं। ये किरदार देश की ममता, मासूमियत और जज्बे का प्रतीक है। लेकिन इस रोल को पर्दे पर उतारना आसान नहीं था, क्योंकि इसमें भावनाओं की कई परतें हैं और हर एक को सच्चाई से दिखाना उनके लिए एक बड़ी चुनौती थी। पल्लवी जोशी ने बताया कि ये मेरी ज़िंदगी के सबसे मुश्किल रोल्स में से एक था। बूढ़ा दिखना आसान नहीं होता।

## प्रभास की फिल्म दि राजा साब का टीजर रिलीज



**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के मेगास्टार प्रभास की आने वाली फिल्म दि राजा साब का टीजर रिलीज हो गया है। दि राजा साब में प्रभास लीड रोल निभा रहे है। यह उनका पहला पूरा हॉरर एंटरटेनर है। यह एक बोल्ड कदम है, जो उनकी लगातार बदलती एक्टिंग जर्नी और बेखौफ स्टोरीटेलिंग को दिखाता है। मारुथी के निर्देशन में बनी द राजा साब एक डरावनी लेकिन जबरदस्त एंटरटेनमेंट से भरपूर फिल्म होने का वादा करती है। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है।

टीजर धमाकेदार तरीके से आता है, जिसमें भव्यता, लोकगीत और सीट-ऑफ-द-सीट हॉरर को एक मंत्रमुग्ध करने वाले कॉकटेल में मिलाया गया है। संगीत के उस्ताद थमन एस ने एक शानदार और विद्युतीकरण करने वाला बैकग्राउंड स्कोर दिया है। टीजर में प्रभास दो अलग-अलग लुक में नजर आ रहे हैं। एक लुक में वह बेहद आकर्षक दिख रहे हैं, जिसमें उनकी ऊर्जा और स्क्रीन पर छाए रहने वाले आकर्षण की झलक दिख रही है, जबकि दूसरे लुक में वह गहरे और रहस्यमय अंदाज में नजर आ रहे हैं। उनका करिश्मा आकर्षक है, उनका अभिनय शानदार है और हर फ्रेम में उनकी भूमिका के प्रति समर्पण झलकता है। प्रशंसक उन्हें डांस करते, पंचलाइन देते और एक ऐसे किरदार को निभाते हुए देखकर खुश हैं, जिसमें उन्होंने अपना दिल लगा दिया है। संजय दत्त एक ऐसा सरप्राइज है, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी, उनकी मौजूदगी शानदार है। निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन और रिद्धि कुमार भी उनके साथ हैं। ये सभी अभिशप्त हवेली की कहानी में रहस्य की परतें जोड़ते हैं।.

निर्माता टीजी विश्व प्रसाद ने कहा,राजासाब के साथ, हम कुछ ऐसा बनाना चाहते थे जो भारत ने पहले कभी नहीं देखा हो। सेट, स्केल, कहानी सब कुछ दर्शकों को इस काल्पनिक दुनिया में खींचने के लिए तैयार किया गया है। निर्देशक मारुति ने कहा,राजासाब एक शैली-विरोधी यात्रा है झ यह डरावनी और काल्पनिक, वास्तविक और असली के बीच बहती है। इसके मूल में, यह भावनाओं के बारे में है, लेकिन जादू, रहस्य और पागलपन से घिरा हुआ है। प्रभास के शहर में टीजर लांच करना, और सभी को इतनी शक्तिशाली प्रतिक्रिया देते देखना, अविस्मरणीय था। पीपुल मीडिया फैक्ट्री के सहयोग से बनी फिल्म द राजा साब एक शानदार विजुअल ट्रीट है, जिसे भव्य स्केल पर और बेहतरीन प्रोडक्शन वैल्यूज के साथ तैयार किया गया है। सिनेमैटोग्राफी संभाल रहे हैं कार्तिक पलानी और थमन एस दे रहे हैं एक धमाकेदार और जबरदस्त म्यूज़िक स्कोर, जिसका सबको बेसब्री से इंतजार है। फिल्म पांच दिसंबर, 2025 को पांच भाषा तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।



## जीएफ गौरी के लिए आमिर खान ने होस्ट की 'सितारे जमीन पर' की स्पेशल स्क्रीनिंग

**एक्टर** आमिर खान इन दिनों फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा ने लीड रोल प्ले किया है इस फिल्म के जरिए आमिर लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। ऐसे में सुपरस्टार फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं।

वहीं सोमवार शाम को सुपरस्टार को अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट और बहन निखत संग मुंबई में एक्सेल एंटरटेनमेंट के दफ़्तर में पहुंचते देखा गया। कहा जा रहा है कि आमिर खान ने खास तौर पर गर्लफ्रेंड गौरी के लिए अपनी अपकमिंग फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग होस्ट की थी।

आमिर खान को बीती रात अपनी बहन निखत और गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ स्पॉट किया गया। तीनों एक गाड़ी में सवार होकर सितारें जमीन पर की स्क्रीनिंग के लिए पहुंचे थे।इस दौरान आमिर खान कुर्ते और ब्लैक बैलून पैंट में नजर आए। इसके साथ उन्होंने ब्लैक शूज पेयर किए थे। वहीं आमिर खान की गर्लफ्रेंड गौरी खान इस दौरान व्हाइट टॉप और ब्लू डेनिम पहने हुए सिंपल लुक में भी स्टाइलिश लग रही थीं। आमिर खान की गर्लफ्रेंड गाड़ी से उतरकर सीधे स्क्रीनिंग के लिए चली गईं उन्होंने पैप्स के लिए तस्वीरें क्लिक नहीं कराईं। आमिर खान की बहन निखत भी सितारें जमीन पर की स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं।

वहीं सितारें जमीन पर में आमिर के साथ अहम रोल प्ले कर रहीं जेनेलिया डिसूजा भी एक्सेल ऑफिस के बाहर स्पॉट की गईं।

### इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा-

# ऐसा माहौल बनाने का प्रयास करूंगा, जहां हर खिलाड़ी खुद को सुरक्षित महसूस करेगा

**एजेंसी/ बैकेनहमः** भारत बनाम इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली पांच मैच की टेस्ट सीरीज की शुरूआत 20 जून से लीड्स के मैदान पर होगी। पहली बार युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जिसके बाद उनसे भारतीय प्रशंसक 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। वहीं, पांच मैच की शृंखला शुरू होने से पहले ही युवा कप्तान ने एक ऐसा बयान दिया है, जिससे रोहित-विराट के फैंस खुश नहीं होने वाले हैं। कप्तान शुभमन गिल ने जो बयान दिया है, उससे ये इस बात का अंदाजा लगाया जा रहा है कि क्या रोहित-विराट के द्वारा बनाए गए माहौल में खिलाड़ी खुश नहीं थे या वो खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करते थे। अपने बयान में टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि मैं एक ऐसा कल्चर माहौल बनाना चाहता हूं, जहां हर कोई बहुत सुरक्षित और खुश हों। सभी टीम में अपनी



जगह को लेकर सिक्योर रहें।

मैं जानता हूं कि स्क्वॉड में कम प्लेयर्स की जगह रहती है, लेकिन मैं फिर भी प्लेयर्स को ये संदेश देने में कामयाब रहा कि उनकी जगह टीम में कहां है, तो मेरे लिए यह अच्छा अचीवमेंट होगा। शुभमन ने आगे कहा, गौतम भाई और अजीत सर ने बस यही बताया कि मुझे कप्तान के रूप में खुद को एक्सप्रेस करने पर ही फोकस करना है। सिलेक्शन कमेटी ने ज्यादा दबाव नहीं डाला, लेकिन कप्तान बनने के बाद मेरी खुद से जरूर कुछ उम्मीदें हैं, जिन्हें मैं टीम इंडिया के साथ पूरी करना चाहता हूं। शुभमन ने आगे कहा, विराट भाई की कप्तानी में उनकी प्रोएक्टिवनेस मुझे बहुत पसंद आई।

बुमराह के वर्कलोड पर फिलहाल कोई फैसला नहींः शुभमन गिल ने कहा कि वह सीरीज के नतीजों को देखते हुए फैसला लेंगे कि जस्सी भाई को कितना वर्कलोड देना होगा। कुछ मुकाबलों में बारिश की भी संभावना है, उस दौरान उन्हें रेस्ट भी दिया जाएगा। इसलिए फिलहाल हमने फिक्स नहीं किया कि वे कौन से तीन मैच खेलेंगे। शुभमन ने आगे कहा कि जब मैंने डेब्यू किया, तब ज्यादातर खिलाड़ी अनुभवी थे। अब कप्तान बना हूं, तो बहुत सारे युवा खिलाड़ी टीम का हिस्सा बन गए। इन्हीं युवा प्लेयर्स पर टीम के 10-12 साल निर्भर करेंगे और युवा खिलाड़ियों की टीम के साथ काम करना ज्यादा आसान होता है।

सरफराज खान पर भरोसा नहीं तो उसे इंडिया-ए में भी मत भेजोः इंग्लैंड के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए सरफराज खान का नाम टीम में नहीं है। पिछले महीने हुए टीम सिलेक्शन में सरफराज खान को इंग्लैंड दौरे के लिए नजरअंदाज किया गया। हालांकि, उसी टीम के खिलाफ सरफराज खान ने 76 गेंदों में शतक ठोककर टीम मैनेजमेंट को एक बड़ा संदेश दिया। इंडिया-ए और भारत की टेस्ट टीम के बीच इंट्रा स्क्वॉड मैच में सरफराज खान ने गजब की पारी खेली। इस पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का भी बयान आया है। उन्होंने कहा है कि जब आपको सरफराज की टेक्निक पसंद नहीं है, तो उनको इंडिया-ए के लिए भी क्यों चुनते हो?

# विजय रूपाणी को नम आंखों से विदाई

## राजकोट की सड़कों पर पूर्व मुख्यमंत्री के अंतिम दर्शन को उमड़ी भीड़



**एजेंसी/ अहमदाबादः** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी को सोमवार शाम 21 बंदूकों की सलामी दी गई। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल, गुजरात के मुख्यमंत्री-राज्यपाल समेत दूसरे नेता रूपाणी के घर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। विजय रूपाणी का पार्थिव शरीर उनके राजकोट वाले घर प्रकाश सोसायटी (निर्मला रोड) में रखा गया था, जहां उनके अंतिम दर्शन किए गए। पार्थिव देह को रामनाथ पुरा श्मशान घाट ले जाया गया, जहां अंतिम संस्कार हुआ। अहमदाबाद विमान हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन हुआ था। सोमवार सुबह उनका शव परिजनों को सौंपा गया। चार्टर्ड प्लेन से शव को राजकोट लाया गया था। अहमदाबाद विमान हादसे को चार दिन बीत चुके हैं। इन चार दिनों में 250 शवों का डीएनए सैंपल लिया गया। अब तक 119 डीएनए मैच हो गए हैं, जिनमें से 76 शव उनके परिजनों को सौंपे गए हैं।

12 जून को एयर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जाने वाली फ्लाइट एआई-171 (787-8 बोइंग ड्रीमलाइनर) उड़ान के कुछ देर बाद ही क्रैश हुई थी। वहीं अहमदाबाद में एक फिल्ममेकर महेश कलावड़िया के परिवार ने गुरुवार को उनके लापता होने के बाद डीएनए सैंपल जमा किए हैं। उनकी पत्नी हेतल का कहना है कि वह 12 जून को लॉ गार्डन इलाके में किसी से मिलने गए थे। यह जगह क्रैश साइट के करीब है।



## साइप्रस ने पीएम मोदी को दिया सर्वोच्च सम्मान, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भी भारत को दिया समर्थन

**एजेंसी/ निकोसियाः** तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी को सोमवार को साइप्रस सरकार ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा है। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने पीएम मोदी को ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस 3 से सम्मानित किया। इसके बाद राष्ट्रपति निकोस ने पीएम मोदी के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में खुले समर्थन का ऐलान किया। सम्मान मिलने के बाद पीएम मोदी ने इसके लिए राष्ट्रपति निकोस को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि मैं साइप्रस सरकार और यहां के लोगों का ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह सिर्फ नरेंद्र मोदी का ही नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह हम भारतीयों की क्षमताओं और आकांक्षाओं का सम्मान है। उन्होंने कहा कि हम न केवल अपने देशों की संयुक्त प्रगति को मजबूत करेंगे, बल्कि एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित वैश्विक वातावरण बनाने के लिए मिलकर काम करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी जी-7 सम्मिट में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना हो गए।

## गृह मंत्रालय ने जनगणना के लिए जारी की अधिसूचना साल 2027 में 2 चरणों में पूरी होगी प्रक्रिया



**नई दिल्लीः** सरकार ने देश में आगामी जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर देश भर में जनगणना की संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 होगी जबकि बर्फबारी से प्रभावित जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश मैं संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 रहेगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि गृह मंत्री अमित शाह ने अधिसूचना जारी किये जाने से एक दिन पहले रविवार को केंद्रीय गृह सचिव, महापंजीयक और जनगणना आयुक्त तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की थी।

गृह मंत्रालय के अनुसार जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण यानी घरों की सूची तैयार करने के ऑपरेशन (एचएलओ) में प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। इसके बाद, दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना (पीई) में प्रत्येक घर में प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना गतिविधियों के लिए लगभग 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख 30 हजार जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे।यह जनगणना शुरू से अब तक की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना है।

आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। संग्रह, प्रेषण और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े डेटा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।

### ईरान-इजरायल में संघर्ष तेज

# सेंट्रल ईरान पर हमला, मिसाइल लांचर्स से लदा ट्रक उड़ाया



**एजेंसी/ तेहरानः** इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष और भी विकराल होता जा रहा है और दोनों देश पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। इजरायल ने सोमवार शाम को सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की और दुश्मन के मिसाइल लांचर्स से लदे ट्रक उड़ा दिए। इजराइल डिफेंस फोर्स ने ईरान पर हमले का एक वीडियो भी जारी किया और बताया कि इजरायली एयरफोर्स ने मिसाइल लांचर्स से लदे कई ट्रकों को निशाना बनाया, जो तेहरान की तरफ जा रहे थे। इससे पहले इजरायल ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्रालय पर हमला किया था। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। 14 जून को इजरायली सेना ने ईरानी रक्षा मंत्रालय पर भी हमला किया था। पिछले चार दिनों के दौरान ईरान में 234 लोग इजरायली हमलों से मारे गए हैं। 1,277 से ज्यादा घायल हैं। अमरीका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों की मौत का दावा किया है। ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

सोमवार सुबह ईरानी सेना ने सेंट्रल इजरायल में कई जगहों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इसमें आठ लोगों की मौत हो गई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। पिछले चार दिनों के दौरान इजरायल में ईरान का यह सबसे बड़ा हमला है। ईरान द्वारा दागी गई एक मिसाइल अमरीकी दूतावास के पास गिरी, जिससे दूतावास को नुकसान पहुंचा। हालांकि दूतावास के सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। ईरानी हमलों से इजरायल में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं। इसी बीच इजराइल के बाद अब ईरान ने भी तेल अवीव में लोगों को उनकी सुरक्षा के लिए जल्द से जल्द इलाका खाली करने की चेतावनी दी है। इससे पहले इजराइल ने ईरानी की राजधानी तेहरान के डिस्ट्रिक्ट तीन के लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने की चेतावनी दी थी। इसके कुछ समय बाद तेहरान में धमाकों की कई आवाजें सुनाई दीं।

**संघर्ष में दखल दिया, तो अमेरिका पर करेंगे हमलेः** ईरान समर्थित इराकी सशस्त्र समूह कताइब हिजबुल्लाह ने अमरीका को खुली धमकी दी है। इसने कहा है कि अगर यूएस इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष में दखल देता है, तो वह अमरीकी सैनिकों पर फिर से हमले शुरू कर देगा। समूह के महासचिव अबू हुसैन अल-हमिदावी ने कहा कि हम क्षेत्र में अमरीकी सेना की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। यदि अमरीका युद्ध में दखल देता है, तो हम बिना किसी हिचक के उसके हितों और ठिकानों पर सीधा हमला करेंगे। कताइब हिजबुल्लाह का गठन साल 2003 में अमरीका की ओर से इराक पर हमले के बाद हुआ। ईरान के सबसे करीबी इराकी सशस्त्र गुटों में से यह एक है। यह समूह ईरान के क्षेत्रीय प्रोक्सी बलों का हिस्सा है। इसने इजरायल, इराक और सीरिया में अमरीकी बलों के खिलाफ दर्जनों मिसाइल और ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी ली है।

# इरान- इजराइल युद्धः खामेनेई को मारने का दावा खारिज, नेतन्याहू बोले, हमारा ऐसा कोई प्लान नहीं



**एजेंसी/ तेल अवीवः** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी अधिकारियों के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायल ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारना चाहता था, लेकिन अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। गौरतलब है कि इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) की ओर से किए गए हमलों में ईरान के कई शीर्ष अधिकारी मारे गए थे, जिनमें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) कमांडर जनरल होसैन सलामी और ईरानी सेना के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल मोहम्मद बाघेरी शामिल थे। श्री नेतन्याहू ने इस अभियान को ईरानी परमाणु बुनियादी ढांचे पर पूर्व-खाली हमला बताया था।

अमेरिका की डिजिटल मीडिया पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के प्रति शत्रुता के भाव के बावजूद ट्रंप उन्हें एक समझौते पर पहुंचने के लिए बातचीत की मेज पर लाने के लिए तैयार है, जो दोनों देशों के लिए व्यावहारिक हो और दोनों को स्वीकार्य हो, ताकि कूटनीति के जरिए इजरायल-ईरान के बीच खतरनाक टकराव रोका जा सके। वहीं इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के एक बयान ने दुनियाभर में हलचल मचा दी है। उन्होंने दावा किया है कि ईरान के इस्लामी शासन ने अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने परमाणु कार्यक्रम के लिए सबसे बड़ा खतरा माना था और उनकी हत्या की साजिश भी रची थी। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान ट्रंप को मारना चाहता था, वह उसे अपना दुश्मन नंबर वन मानता है। यह दावा अमेरिका के समाचार चैनल फॉक्स न्यूज को दिए गए इंटरव्यू में सामने आया है, जिसकी जानकारी एएनआई ने साझा की है।

**अमेरिकी राष्ट्रपति को बताया निर्णायक नेताः** बेंजामिन नेतन्याहू ने डोनाल्ड ट्रंप की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें एक मजबूत और निर्णायक नेता बताया। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने कभी भी कमजोर सौदेबाजी नहीं की और न ही दूसरों की शर्तों पर चले। उन्होंने ईरान के साथ हुए परमाणु समझौते को फाड़ दिया और साफ कह दिया कि ईरान को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती। नेतन्याहू ने आगे कहा कि ट्रंप ने जो ईरान के खिलाफ रुख अपनाया, उसी वजह से ईरान उसे सबसे बड़ा दुश्मन मानता है।

**सुप्रीम लीडर परिवार संग बंकर में भूमिगतः** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अपने परिवार के साथ तेहरान के पूर्वोत्तर भाग में स्थित लाविजान में एक बंकर में भूमिगत हो गए हैं। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार श्री खामेनेई के पुत्र मुज्तबा के भी उनके साथ हैं। हालांकि उनके अन्य पुत्र मसूद और मुस्तफा उनके साथ नहीं हैं। श्री खामेनेई के भूमिगत होने की सूचना इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले के जवाब में ईरान की ऑपरेशन ट्रू फेज 1 और ट्रू फेज 2 की सैन्य कार्रवाई के बाद आई है। इस अभियान के तहत ईरान ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए थे। इससे पहले इजरायल ने रविवार को ह्यऑपरेशन राइङ्क्षजग लायनह्व के तहत 2,300 किलोमीटर दूर स्थित मशहद शहर को निशाना बनाया था। कथित तौर पर यह हमला ईरानी नेता को यह चेतावनी देने के लिए किया गया था कि वह देश में कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं।

## रॉबर्ट वाड्रा को ईडी का नया समन, संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ आज



**नई दिल्लीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा को मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में पूछताछ के लिए नया समन जारी किया है। यह मामला ब्रिटेन स्थित हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़ा है। ईडी ने वाड्रा को आज को पेश होकर बयान दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। रॉबर्ट वाड्रा को इससे पहले 10 जून को भी ईडी के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से पूछताछ टाल दी थी। उनके वकील ने बताया था कि वाड्रा को फ्लू जैसे लक्षण थे और उन्होंने कोविड जांच भी कराई है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि वाड्रा पूछताछ से बच नहीं रहे हैं और विदेश यात्रा से पहले या बाद में ईडी के समक्ष पेश होने के लिए तैयार हैं। ईडी इस मामले की जांच मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक अधिनियम के तहत कर रही है। जांच एजेंसी ने 2023 में दाखिल आरोपपत्र में आरोप लगाया था कि संजय भंडारी ने साल 2009 में लंदन के 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर स्थित एक घर की खरीदारी की थी और उस संपत्ति के नवीनीकरण के लिए रॉबर्ट वाड्रा के कहने पर धन उपलब्ध कराया गया। हालांकि, वाड्रा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि लंदन में न तो उनकी कोई संपत्ति है और न ही उनका इस मामले से कोई संबंध। उन्होंने इसे राजनीतिक षड्यंत्र बताते हुए कहा कि उन्हें राजनीतिक मकसद से निशाना बनाया जा रहा है। गौरतलब है कि संजय भंडारी 2016 में भारत से फरार होकर लंदन भाग गया था। हाल ही में ब्रिटेन की एक अदालत ने भारत सरकार की प्रत्यर्पण याचिका को उच्चतम न्यायालय में अपील की अनुमति देने से इनकार कर दिया, जिससे उसे भारत लाए जाने की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। ईडी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ तीन मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में जांच कर रही है, जिनमें हरियाणा में 2008 के एक भूमि सौदे और राजस्थान के बीकानेर में जमीन सौदे से जुड़ी वित्तीय अनियमितताएं शामिल हैं। अप्रैल में वाड्रा से लगातार तीन दिन तक पूछताछ की जा चुकी है। इस पूरे घटनाक्रम पर सियासी हलकों में भी नजर है, क्योंकि मामला सिर्फ एक कानूनी जांच नहीं बल्कि एक संभावित राजनीतिक विवाद की शक्ल लेता जा रहा है।

## बंद होने की कगार पर वोडा-आइडिया, राहत न मिली तो करोड़ों मोबाइल उपभोक्ताओं पर छाएगा संकट

**मुंबईः** टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया बंद होने की कगार पर हैं। वैसे सरकार कंपनी को राहत पैकेज देने की तैयारी में है लेकिन अगर हालात बिगड़ते चले गए तो कंपनी को बचाना मुश्किल होगा। कुछ दिन पहले ही जानकारी सामने आई थी कि वोडाफोन-आइडिया पर 83,400 करोड़ रुपये की एजीआर लायबिल्टी है। इसमें 12,797 करोड़ रुपये मूल बकाया बाकी है और वहीं 28,294 करोड़ रुपये ब्याज भी कंपनी पर बाकी है। इसके अलावा 6,012 करोड़ रुपये जुमार्ना और 11,151 करोड़ रुपये जुमार्ने पर ब्याज भी इस रकम में शामिल है। एक विचार यह है कि वोडाफोन आइडिया को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद तय की गई छह साल की अवधि के बजाय 20 साल में अपने एजीआर बकाया को चुकाने दिया जाए।

## अब वॉट्सऐप के अपडेट्स टैब में जल्द नजर आएंगे ऐड्स, कंपनी जल्द लांच करेगी नए फीचर्स



**नई दिल्लीः** मैसेजिंग प्लेटफॉर्म वॉट्सऐप ने अपने यूजर्स के लिए नए फीचर्स की घोषणा की है। कंपनी ने अपने ऑफिशियल ब्लॉग में कहा है कि नए फीचर्स के साथ यूजर्स ज्यादा से ज्यादा चैनल्स और बिजनेस को आसानी से खोज पाएंगे। कंपनी ने जानकारी देते हुए कहा कि हम अपने अपडेट टैब के लिए कुछ नए फीचर पेश करने जा रहे हैं।

वॉट्सऐप ने ब्लॉग में लिखा, हमने पिछले दो वर्षों में इस टैब को आपके लिए वॉट्सऐप पर कुछ नया खोजने की जगह बनाने के लिए काम किया है और अब इसे प्रतिदिन 1.5 बिलियन लोग इस्तेमाल करते हैं। हम अपने यूजर्स के उत्साह को देखकर प्रेरित हुए हैं और वॉट्सऐप पर एडमिन, संगठनों और व्यवसायों की मदद करना चाहते हैं।

ऑफिशियल ब्लॉग में दी गई जानकारी के अनुसार, वॉट्सऐप ऐप के अपडेट टैब में तीन नए बदलावों को चैनल सब्सक्रिप्शन, प्रमोटेड चैनल और ऐड्स इन स्टेटस के साथ देखा जाएगा। वर्तमान में वॉट्सऐप पर अपडेट्स टैब पर यूजर को स्टेटस और चैनल्स की सुविधा मिलती है।

कंपनी ने कहा है कि इस टैब पर चैनल सब्सक्रिप्शन के साथ यूजर्स अपने पसंदीदा चैनल्स को सब्सक्राइब करने के साथ सपोर्ट कर सकते हैं। वे मंथली फीस के साथ चैनल से एक्सक्लूसिव अपडेट्स पा सकते हैं। यह 2014 में मेटा द्वारा अधिग्रहित किए जाने के बाद से मोनेटाइजेशन को लेकर वॉट्सऐप का सबसे महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा, कंपनी ने कहा, जब आप डाइरेक्ट्री में देख रहे होंगे तो हम आपको नए चैनल खोजने में मदद करेंगे जो आपके लिए दिलचस्प हो सकते हैं। पहली बार, एडमिन के पास अपने चैनल की विजिबिलिटी बढ़ाने का एक तरीका होगा।

### हावड़ा लाठीचार्ज मामला

# सुप्रीम कोर्ट से 6 पुलिस अधिकारियों को मिली अंतरिम राहत, हाईकोर्ट के आदेश पर लगी रोक



**नई दिल्ली/हावड़ा :** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिला अदालत परिसर में हुए पुलिस लाठीचार्ज मामले में 6 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल अंतरिम राहत मिल गई है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। इन अधिकारियों की याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है और 6 हफ्तों के भीतर जवाब मांगा है।

सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई तक अधिकारियों की कलकत्ता हाईकोर्ट में पेशी पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने उन्हें अवमानना का नोटिस जारी कर 25 जून को अदालत में पेश होने का आदेश दिया था। इन छह अधिकारियों में से 4 आईपीएस अधिकारी हैं, जिनमें से एक हावड़ा पुलिस आयुक्त भी हैं।

यह विवाद साल 2019 का है, जब हावड़ा नगर निगम परिषद में बाइक पार्किंग को लेकर वकीलों और पुलिस के बीच नोंकझोंक हुई थी। परिसर में अपनी कार पार्क करने गए एक वकील के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार हुआ। मामला कहासुनी से आगे बढ़ते हुए हाथापाई तक जा पहुंचा। बीच-बचाव करने की कोशिश में कथित तौर पर एक वरिष्ठ वकील पर हमला हुआ। इस मामले में पुलिस की एंट्री हुई और फिर वकीलों के साथ झड़प शुरू हो गई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस ने अदालत परिसर के भीतर लाठीचार्ज करा दिया, जिसमें कई वकील गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

**इस घटना पर कोर्ट ने स्वतः** संज्ञान लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की थी। ये मामला कलकत्ता हाईकोर्ट तक पहुंचा। कोर्ट ने पुलिस अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी कर 25 जून को पेश होने का आदेश दिया। हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई तक हाईकोर्ट की कार्यवाही पर रोक रहेगी, लेकिन छह हफ्तों के भीतर सभी पक्षों को अपना जवाब दाखिल करना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### रियाजुद्दीन अहमद स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**महुआडांड़ :** खेल स्टेडियम में स्व. रियाजुद्दीन अहमद स्मृति क्रिकेट टूनामेंट का समापन हो गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एसडीओ बिपिन कुमार दुबे उपस्थित हुए। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर हौसला अफजाई की। टूनामेंट में कुल 16 टीम ने भाग लिया था। फाइनल मैच शहीद क्लब और कलाम क्लब के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में शहीद क्लब ने कलाम स्पोर्ट्स क्लब को 6 रन से हरा दिया। शहीद क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 94 बनाए। वहीं कलाम क्लब ने निर्धारित 12 ओवर में 88 रन ही बना सकी। विजेता शहीद क्लब को 31 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 21,हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी दिया गया।
वहीं जुगनू फैशन की ओर से विजेता टीम को 10 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कलाम क्लब के महसर अंसारी को दिया गया। बेस्ट कैच का पुरस्कार दिलीप को और बेस्ट बॉलर का पुरस्कार शुभम को दिया गया। वहीं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार राजा स्पार्की को दिया गया। मंच का संचालन महताब आलम और लक्की अली ने किया। वहीं फाइनल मैच में अंपायरिंग की भूमिका शमशाद अहमद और मुजाहिद अहमद ने की।

### चौकीदार नियुक्ति में फ्रॉड कॉल से रहे सावधान : जिला प्रशासन

**दुमका :** जिला जनसंपर्क विभाग दुमका के द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है किसूचित करना है कि जिले में चौकीदार नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में किसी व्यक्ति द्वारा उपायुक्त कार्यालय के नाम से पैसा उगाही करने की बात सामने आई है। वह व्यक्ति फोन कॉल करके अभ्यर्थियों से कुछ राशि की मांग कर रहा है। उपायुक्त कार्यालय के किसी भी कर्मी द्वारा चौकीदार नियुक्ति से संबंधित कोई राशि नहीं मांगी जा रही है। ऐसे फ्रॉड कॉल से सावधान रहें। चौकीदार नियुक्ति निष्पक्ष रूप से संपन्न कराई जा रही है। सभी अभ्यर्थियों से अपील है ऐसे असामाजिक लोगों द्वारा और भी कोई घटना सामने आती है तो उसे उपायुक्त कार्यालय के समक्ष रखे। इन लोगों पर नियमानुसार कार्यवाही हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है।
ठीक इसी प्रकार सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कई असामाजिक लोगों द्वारा आमजनों से राशि की मांग की जाती है। इन बिचौलियों से सावधान रहे। किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए कोई भी राशि इन बिचौलियों को ना दें।

### बिजली तार की चपेट में आने से एक की मौत

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सुरसांग थाना क्षेत्र के रेगोला ग्राम में एक हृदय विदारक घटना और दर्दनाक दृश्य से लोग हुए रूबरू सोमवार के संध्या लगभग 6.15 बजे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीरकेरा के प्रधानाचार्य गजेन्द्र किसान अपने घर के खराब विधुत लाइन को ठिक करते वक्त मेन विधुत प्रभावित ग्यारह हजार ( 11,000 ) वोल्ट विधुत करेन्ट तार की चपेट में आ गयें और उनकी घटनास्थल पर ही हुई दर्दनाक मौत , उक्त घटनास्थल पर उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों ने बताया हैं की सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बिरकेरा के प्रधानाचार्य सह विश्वहिन्दु परिषद? , बजरंगदल खण्ड समिति सुरसांग के तथा अन्य विभिन्न समाजिक, एवं धार्मिक संगठनों के कार्यकर्ता , 28, वर्षिय गजेन्द्र किसान के अपने घर की विधुत लाइन खराब होने के कारण उक्त विधुत लाइन को ठीक करने के क्रम में मेन विधुत करेन्ट प्रभावित तार के चपेट में आने से घटनास्थल पर ही हुई प्रधानाचार्य की दर्दनाक मौत , ग्रामीणों से प्राप्त सूचनानुसार प्रधानाचार्य गजेन्द्र किसान के घर का बिजली एकाएक खराब हो गया था , फलस्वरूप उन्होंने विधुत ट्रांसफार्मर जिस पॉल से उनके घर में विधुत तार आया था, उसी विधुत पॉल में चढ़कर करेन्ट प्रवाहित तार को ठिक करना चाह रहे थे , जो जानलेवा साबित हुआ , क्योंकि उक्त विधुत पॉल में पहले से ही विद्युत तार में करेन्ट प्रवाहित था, फलस्वरूप उक्त मेन विधुत लाईन के केरेन्ट प्रवाहित तार के चपेट में आने के कारण ग्यारह हजार बोल्ट विद्युत तार के सम्पर्क में आने से प्रधानाचार्य का शरीर , घंटों तक उक्त ग्यारह हजार बोल्ट केरेन्ट प्रभावित तार से चिपका रहा और उनके शरीर से आग की लपेटें धधकती रही, यह देख घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामिणों के द्वारा सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश प्रसाद टुटु को सुचना दी गई, उक्त सुचना मिलते ही सुरसांग थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें , उन्होंने अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर और विधुत लाइन कटवाने के बाद प्रधानाचार्य के उक्त शरीर को विधुत पॉल से नीचे उतरवाया गया और उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया और उक्त शव को शवगृह में रखवाया गया, आज मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक प्रधानाचार्य के उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, पुलिस मामले की गहराई से छानबीन और पुछताछ शुरू कर दी गई हैं ।

### उपायुक्त ने की खेल और पर्यटन स्थलों के विकास की समीक्षा



**दुमका :** जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को खेल और पर्यटन स्थलों के विकास की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों यथा मलूटी, मसानजोर, तातलोई, बासुकीनाथ धाम इत्यादि के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने और जिले में खेल और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिया। मसानजोर डैम क्षेत्र में बोटिंग, फूड कोर्ट, रॉक क्लाइंबिंग, एक्टिविटी रूम निर्माण सहित अन्य गतिविधियों को जोड़ने का निर्देश दिया। इसी क्रम में मलूटी में साफ सफाई, बिजली व्यवस्था, गलियां की सफाई, स्टॉफ की नियुक्ति, मंदिर का ब्रोशर तैयार करने इत्यादि कई निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### बाजारों में चलाया गया मादक पदार्थों के सेवन से संबंधित जागरूकता अभियान

**सिमडेगा :** आदि कला मंच कोलेबिरा के कलाकारों द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से आज सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखंड के शाहपुर पंचायत में लोकगीत गीत, लोक नृत्य, नुक्कड़ नाटक, एवं पोस्टर पम्पलेट वितरण कर ग्रामीणों को जागरुक करने का कार्य किया गया।. अभियान में गांव के जनप्रतिनिधियों के सहयोग से भारी भीड़ के बीच नशा पान से होने वाले दुष्प्रभाव , नशा से दूर रहने, गांजा,अफीम,कोका जैसे पदार्थो का उत्पादन न करने,इनके व्यवसाय,संरक्षण, या भंडारण नहीं करने तथा उसके सेवन से दूर रहने की जानकारी दी गई।अंत मे दलनायक बनफूल नायक के द्वारा उपस्थित जनसमूह को शपथ दिलाई गई।

# हमारे शहीदों के अमूल्य शहादत ने राष्ट्रभक्ति की अनूठी गाथा लिखी है : सुरेश पासवान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**देवघर :** शहादत दिवस के अवसर पर सोमवार को को शहीद स्थल रोहिणी में देवघर विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनता दल विधायक सुरेश पासवान, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा, जिला परिषद् अध्यक्ष किरण कुमारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शहीद सलामत अली, अमानत अली एवं शेख हारून को माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।
इसके उपरांत देवघर विधायक, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, जिला परिषद् अध्यक्ष, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के सभी परिजनों का आभार व्यक्त करते हुए आदर पूर्वक शॉल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही निबंध लेखन, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्रों को पुरस्कृत किया गया।
इसके अलावा देवघर विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनता दल विधायक सुरेश पासवान ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी के लिए कुर्बान हुए शहीदों की कुर्बानियों से हम सभी को



प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। सबसे महत्वपूर्ण अन्याय के खिलाफ आवाज, नारी की रक्षा के लिए संकल्प, अज्ञानता मिटाने की दिशा में अपना योगदान देकर सही अर्थों में महान शहीदों को श्रद्धांजलि होगी। हमारे शहीदों की अमूल्य शहादत ने राष्ट्रभक्ति की एक अनूठी गाथा लिखी। ऐसे वीर देशभक्तों के दिखाए मार्ग पर चलना ही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आजाद भारत में अगर हम साँस ले पा रहे हैं तो सिर्फ व सिर्फ अपने वीर शहीदों की वजह से जिन्होंने अपने प्राणों की प्रवाह किये बिना हमारे बेहतर कल हेतु अपन जीवन न्यौछावर कर दिया।
शहादत दिवस के अवसर पर उपायुक्त श्री लकड़ा ने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई में शहीद सलामत अली, अमानत अली एवं शेख हारून के योगदान को नमन करते हुए कहा कि सच्ची श्रंद्धाजलि और सच्चा सम्मान होगा कि हमलोग उनकी शहादत से सीखते हुए देशहित और राज्य सेवा की भावना से कार्य करें। आगे उन्होंने उपस्थित लोगों को वीर शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेते हुए बेहतर भविष्य के निर्माण में सहयोग करने की बात कही। इसके अलावे उपायुक्त श्री लकड़ा ने कहा कि रोहिणी शहीद स्थल पार्क प्रसिद्ध है। हमें उसे और बेहतरी पर ले जाने हेतु वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करना आवश्यक है; जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को इसकी जानकारी हो तथा ज्यादा से ज्यादा संख्या में यहां पर्यटक आकर्षित होते हुए इनके इतिहास को जान सके। आगे उपायुक्त ने समिति के सदस्यों से कहा कि इस पार्क के बेहतरी के लिए जो भी करना पड़े करें और इसे और भी गैरवशाली बनाएँ जिलां प्रशासन द्वारा हर संभव मदद की जाएगी।
मौके पर स्वतंत्रता सेनानी के परिजन, जिला परिषद् अध्यक्ष किरण कुमारी, मुन्नम संजय बीस सूत्री उपाध्यक्ष, ताराचंद जैन, दिगंबर जैन धर्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष, सुधीर देव जी समिति के अध्यक्ष, प्रो० रामनंदन सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी, जिला खेल पदाधिकारी, विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समिति के सम्मानित सदस्यगण आदि उपस्थित थे।

## सिमडेगा पुलिस ने चर्च में डकैती कांड का किया उद्भेदन, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा :** बोलबा थाना क्षेत्र के समसेरा चर्च में हुई डकैती की घटना का सिमडेगा पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया है। इस कांड में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य 05-06 अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है।डीएसपी हेडक्वार्टर रणवीर सिंह ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि पुलिस अधीक्षक मो अर्शी के निदेशानुसार गठित विशेष अनुसंधान दल ने तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। अनुसंधान में पता चला कि यह घटना एक अंतरराज्यीय गिरोह द्वारा अंजाम दी गई है, जिसमें झारखंड और ओडिशा के अपराधियों की संलिप्तता पाई गई।गिरफ्तार अभियुक्तों में ओडिल केरकेट्टा, रिंकू सोनी उर्फ मूशा और सुभाष नाईक उर्फ रामबोला नाईक शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से ?21,500 नगद, टीवीएस



रेडॉन बाइक (डऊ15 -2487), काले रंग के मास्क, ग्लव्स, टोपी, लोहे की छड़ और सब्बल बरामद किया है।पुलिस ने बताया कि दोनों राज्यों में गिरोह के सदस्य चर्चों को निशाना बनाकर मारपीट व डकैती की वारदात को अंजाम देते थे, ताकि उन्हें नकद रकम मिल सके। पूछताछ में आरोपियों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं, जिसके आधार पर अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।पुलिस के अनुसार, ओडिशा में की गई संयुक्त कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार आरोपियों को वहां की अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। वहीं सिमडेगा पुलिस जल्द ही आरोपियों को रिमांड पर लेकर विस्तृत पूछताछ करेगी। पुलिस अधीक्षक ने इस केस के सफल खुलासे के लिए पुलिस अंचल निरीक्षक भिखारी राम, बोलबा थाना प्रभारी संतोष कुमार राय, कुरडेग की पुलिस अंचल निरीक्षक दिनेश प्रजापति ,सब इंस्पेक्टर सोनू पाठक, सब इंस्पेक्टर विनायक पांडेय,सब इंस्पेक्टर मनोहर मठपती एवं एसआइटी में शामिल अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

## अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई, खनन टास्क फोर्स ने की त्वरित छापेमारी

**गुमला :** गुमला उपायुक्त के निदेशानुसार गठित खनन टास्क फोर्स द्वारा अवैध खनन की रोकथाम हेतु लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बीते चार दिनों में विभिन्न स्थलों पर अवैध बालू उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।
दिनांक 13 जून को बसिया थाना अंतर्गत तानालोया पंचायत के लुंगटू क्षेत्र में रात के अंधेरे में हाईवा और जेसीबी से बालू का अवैध परिवहन किए जाने की सूचना पर कार्रवाई की गई। 14 जून की सुबह खनन टास्क फोर्स, थाना प्रभारी एवं सशस्त्र बलों की संयुक्त टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया, जहाँ लगभग 800-900 उत्र्छ अवैध बालू पाया गया।
उसी दिन सिसई थाना क्षेत्र में गश्ती के दौरान एक बिना पंजीकरण नंबर वाले ट्रैक्टर को बालू के साथ जप्त किया गया। चालक मौके से फरार हो गया। वाहन का निरीक्षण कर बालू से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किए गए। वाहन को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।
15 जून को गुमला अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स द्वारा सिलाफारी पंचायत के कोयल नदी क्षेत्र में छापामारी की गई, जहाँ एक हाईवा और जेसीबी से अवैध तरीके से बालू लोड एवं परिवहन करते पाया गया। खनन टास्क फोर्स के पहुंचते ही वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर फंसे हाईवा एवं खराब हो चुके जेसीबी को जिम्मेनामा पर सुरक्षित सौंपा गया है।



इन सभी मामलों में खनिज विभाग द्वारा झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 अंतर्गत कार्रवाई प्रारंभ की गई है।
जिला प्रशासन द्वारा पुनः यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा बिना वैध अनुज्ञप्ति के खनिज का उत्खनन, भंडारण या परिवहन करना दंडनीय अपराध है। इस प्रकार के अवैध कार्यों से सरकारी राजस्व की हानि होती है तथा राष्ट्रीय संपदा का क्षरण होता है। जिला प्रशासन द्वारा खनन टास्क फोर्स के माध्यम से ऐसे मामलों पर जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्यवाही की जा रही है।
जिले वासियों से अपील है कि, खनन संबंधित शिकायत दर्ज कराने हेतु खनन कार्यालय द्वारा जारी किए गए फोन नंबर 9934887613 पर संपर्क स्थापित कर सकते है। सूचना देने वालों की जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी।

## डीसी ने किया+2 नेशनल उच्च विद्यालय का निरीक्षण

**दुमका :** जिले के उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिन्हा ने सोमवार को +2 नेशनल उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया एवं विद्यालय के प्राचार्य,संबंधित अधिकारी को आवश्यक निदेश दिया।
निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी को सभी विद्यालयों में करियर काउंसलिंग कराने का निदेश दिया।कहा कि इससे विद्यालय के बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा। विद्यालय के कुछ छात्रों के द्वारा छात्रवृत्ति नहीं मिलने की शिकायत की गई। जिस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया साथ ही अन्य विद्यालयों में छात्रवृत्ति की भुगतान की जांच करने का निर्देश दिया गया।
इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने बताया कि विद्यालय में पुरुष शौचालय नहीं होने के कारण काफी परेशानी होती है।इस संबंध में +2 नेशनल उच्च विद्यालय के प्राचार्य को शौचालय का प्रबंध करने का निदेश दिया गया।जिला शिक्षा पदाधिकारी को कार्य पूर्ण होने तक अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया।
उपायुक्त ने अध्ययन कक्ष में एजुकेशनल कंटेंट से संबंधित पेंटिंग कराने का निर्देश दिया।छात्राओं को नियमित रूप से आयरन टेबलेट वितरित करने का निर्देश भी दिया गया। पूरे विद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया गया। 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के अनुसार पुस्तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी अध्ययन कक्ष में समुचित प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए साथ ही क्षतिग्रस्त दीवाल,छत आदि का मरम्मती एवं साफ सफाई की व्यापक व्यवस्था की जाए।
उपायुक्त ने विद्यालय में साइकिल स्टैंड हेतु सेड बनाने तथा पेयजल हेतु वाटर फिल्टर उचित संख्या में अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने फिजिक्स केमिस्ट्री तथा बायोलॉजी हेतु लैब 15 दिनों के अंदर अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया।कहा कि 15 दिनों के उपरांत वीडियो कॉल के माध्यम से लैब का निरीक्षण किया जाएगा।

### खेत पटाने के क्रम में तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर ग्राम निवासी 22 वर्षीय लिम्पन कुजूर ( पिता - पीटर कुजूर ) अपनी पत्नी के साथ अपने घर से खेत तक विद्युत तार के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक पानी मशीन से अपने खेत में पानी पटारहें थे , इसी क्रम में लिम्पन एकाएक विधुत केरेन्ट प्रवाहित लाइन के सम्पर्क में आकार छटपटाने लगा, तब उसकी पत्नी उसे बचाने का प्रयास की, तो उसे भी विधुत केरेन्ट का झटका लगने पर वह उक्त विधुत लाइन काटने के लिए अपनी घर के तरफ दौड़ी , परन्तु तबतक काफी देर हो चुका था, परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिये , चैनपुर उप स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया , जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया और उसे गुमला लाने के क्रम में रास्ते में ही वह दम तोड दिया, बाद में उसे गुमला सदर अस्पताल लाया गया , जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया , उक्त सूचना मिलते ही चैनपुर थाना पुलिस ने अपने दलबल सहित गुमला सदर अस्पताल पहूंचकर उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया।

## तम्बाकू मुक्त जिला बनाने की दिशा में करें कार्य : उपायुक्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**देवघर :** जिले के उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सोमवार को जिलास्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय व किये जा रहे अनुपालनों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ हीं बैठक के माध्यम से उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि हमलोगों को अपने जिले को पूर्ण रूप से तम्बाकु मुक्त जिला बनाने की मुहिम शुरू करने की आवश्यकता है, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने सरकारी कार्यालयों के अलावा स्वास्थ्य संस्थान, सरकारी व गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थान आदि इलाकों को तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित किये जाने के बाद इसे कड़ाई से लागू



करने के लिए कार्य करने का निर्देश संबंधित थाना प्रभारियों व अंचलाधिकारियों को दिया। साथ हीं एक्ट के प्रावधानों को कड़ाई के साथ लागू करने के लिए जिले के सभी इलाकों में सघन जांच अभियान चलाने के साथ एफआईआर दर्ज करने का निदेश दिया।
समीक्षा बैठक के क्रम में उपायुक्त श्री लकड़ा ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि जिले में जागरूकता अभियान के साथ गठित टीम द्वारा तम्बाकू व धुम्रपान के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों से दण्ड की राशि वसूली की जायेगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को तम्बाकू व धुम्रपान के उपयोग से होने वाले नुकसानों से अवगत कराया जायेगा। साथ हीं आवश्यक दण्ड की राशि भी उपस्थित दण्डाधिकारियों से उपरोक्त व्यक्ति से वसूली जायेगी। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त श्री लकड़ा ने तम्बाकू उत्पादों के प्रयोग को पूर्ण रूप को रोकने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों एवं सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व सभी थाना के प्रभारी को निदेशित किया है कि कोटपा-2003 के अनुपालन हेतु छापेमारी दलों द्वारा उपरोक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए किये जाने वाले कार्रवाई से उपायुक्त कार्यालय को सूचित करें। साथ हीं उपरोक्त आदेश के उल्लंघन की स्थिति में भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188, 288, 269, 270 सहित अन्य सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधि सम्मत कार्रवाई करें।
मौके पर सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी, अस्पताल उपाधीक्षक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सकों की टीम, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।